ISSN 2395 - 2148 | JULY TO DEC - 2K15 | VOL - I, ISSUE - 2ND

Art Fragrance

A RESEARCH JOURNAL OF FINE ARTS, PERFORMING ARTS & FASHION



Swami Vivekanand
SUBHARTI UNIVERSITY
Approved by UGC
MEERUT

Subharti.org

Nandlal bose Subharti Institute Of Fine Arts & Fashion Design

Editorial

It gives me immense pleasure to put forward the second edition of our Journal of SIFF. It will make you all aware of the talent and intelligence of many learned persons. Our first edition was very successful and I congratulate everyone on it's grand success and art lovers will gain benefit by the published papers.

Along with touching zenith of Art excellence, our endeavors at NBSIFF is to help art lovers fill their life with the light of passion and creativity.
Art is an important form of expressing our own individuality. This journal is to inject those attributes of art which make life creative, elegant to elevate it from mundane to beautiful.

I hope that this effort of ours will be fruitful for all the readers and this would continue to publish and flourish in future.

It is my privilege to be associated with such superbly talented people. It is an honour that Subharti had worked with such excellent learned persons we had and will be achieving phenomenal results.

I extend my heartiest thanks to our V.C Sir and the management for their continuous support and guidance.

I would also like to extend my heartiest wishes to the faculty members for their endeavors and pray to the Almighty that, He may enable us to impart quality education to our students so that they succeed in future pursuit of life.

Prof. Pintu Mishra
Editor in Chief (Art Fragrance)
Principal
Subharti Institute of Fine Arts & Fashion Design
Nandlal Bose Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

सम्पादकीय

आर्ट फ्रेगरेन्स का द्वितीय अंक आप सब के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। सर्वप्रथम पिछले अंक के सफलतापूर्वक सम्पादन पर प्राप्त आप सभी के शुभकामना संदेशों का हृदय से बहुत–बहुत आभार व्यक्त करती हूँ। इसी क्रम में पत्रिका की सलाहकार समिति के सभी सदस्यों के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ जिन्होंने समय–समय पर मार्गदर्शन किया।

ललित कलाएँ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। इन कलाओं में ही हमारा इतिहास बोध और जातीय चेतना निहित है। जो हमारे निजी व सामाजिक अस्तित्व की पहचान के लिए अत्यंत आवश्यक है किन्तु खेद का विषय है कि आज की युवा पीढ़ी अस्तित्व के इस संकट से अनभिज्ञ अपनी कला व संस्कृति को मूल पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण में रत है। भौतिक आकर्षणों और बाह्य चमक–धमक से सजी पाश्चात्य संस्कृति ने हमारे समाज पर बहुत मजबूत पकड़ बना ली है। ये पकड़ इतनी मजबूत है कि समाज की गतिविधि पर चौकसी का नजर रखने वाला लोकतंत्र का चतुर्थ स्तम्भ मीडिया भी उसके रंग में रंगा नजर आता है। चाहे मीडिया का मनोरंजक रूप (एंटरटेनमेंट चैनल्स) हो या सूचना व शिक्षाप्रद रूप (न्यूज या नॉलेज चैनल्स) दोनों पर पाश्चात्य सभ्यता व संस्कृति को दर्शाने अथवा उनका अनुसरण करते कार्यक्रमों की भरमार है। अत्यंत खेद का विषय है कि भारतीय कला और संस्कृति की रक्षा का दायित्व सिर्फ हमारे राष्ट्रीय चैनल (दूरदर्शन) तक ही सिमट कर रह गया है। अत्यंत खेद का विषय है कि अश्लीलता की सीमा को स्पर्श करता सस्ता मनोरंजन हमारी पसंद बनता जा रहा है और विशुद्ध लाभ की मानसिकता में जकड़े निजि चैनल इसे छोड़ शास्त्रीय व लोक कलाओं को पक्षय देने का साहस नहीं करते। यह विडम्बना ही कही जा सकती है कि वन्य जीवन और भोजन तक को समर्पित पूर्णकालिक चैनल्स हैं किन्तु ऐसे चैनल्स, जो पूर्णतया हमारी शास्त्रीय व लोक–कलाओं को समर्पित हो, का अभाव बहुत सालने वाला है। उचित संरक्षण और प्रचार–प्रसार के अभाव में हमारी अमूल्य कलाएँ धीरे–धीरे विलुप्ति के कगार पर पहुंच रही है, यह चिन्ता का विषय है। यद्यपि सरकार ने इस ओर ध्यान देकर कुछ प्रयास किए हैं। किन्तु केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं है। कला और संस्कृति के ध्वजा वाहकों के रूप में हम सभी कलाकारों का कर्तव्य है कि हम न केवल इसके संरक्षण का प्रयास करें अपितु आगामी पीढ़ियों तक इसका पहुंचना भी सुनिश्चित करें। 'आर्ट फ्रेगरेन्स' इसी दिशा में हमारा एक समर्पित कदम है। हमारा उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय कला व संस्कृति के सभी पक्षों से अवगत कराना है। अपना ये दायित्व हम यथाशक्ति करते रहेंगे।

डॉ. भावना ग्रोवर दुआ
सम्पादिका, आर्ट फ्रेगरेन्स
डॉ. अध्यक्षा, परफार्मिंग आर्टस विभाग
स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ।

Art Fragrance

A RESEARCH JOURNAL OF FINE ARTS, PERFORMING ARTS & FASHION

OUR PATRONS

Dr. Shalya Raj
President S.K.K.B Charitable Trust,Meerut

Dr. N.K. Ahuja
Hon'ble Vice Chancellor
Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

Dr. Mukti Bhatnagar
(Professor of Medicine)
Founder President, SKKBCT, Meerut

EDITOR IN CHIEF

Prof. Pintu Mishra
Principal, NBSIFF
Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

EDITOR

Dr. Bhawna Grover Dua
H.O.D., Performing Arts,NBSIFF
Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

EDITORIAL ADVISOR

Dr. Pooja Gupta
Dean, NBSIFF
Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

COVER PAGE (PAINTING)

Ms. Chanchal Rajput
M.F.A. (Painting) Final Year

PUBLISHER

Subharti Institute of Fine Arts & Fashion Design
Swami Vivekanand Subharti University
Subharti Puram, NH-58, Delhi Haridwar Bypass Road, Meerut - 250005

PRINTERS

N.R. Enterprises
145/11, Shastri Nagar, Meerut-250004 (UP)

Art Fragnance ; A Reserch Journal of Fine Arts, Performing Arts & Fashion is Published half Yearly.

All Rights Reserved, No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted by any means, eletrical, mechanical or otherwise, without first seeking the written Permission of the Editor or due acknowledgment.

REFEREE BOARD

Ms. Anjali Singh
Sr. Lecturer, Textile Deptt.
NBSIFF, Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

Dr. Alka Sharma
H.O.D. Music P.G. P.G. College,Meerut

Ms. Kanchan
Sr. Lecturer, Applied Art
NBSIFF, Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

Prof . Kapil Kishore
Guest Lecturer, National Institute of Fashion Technology, New Delhi

Dr. Mohini Mehrotra
Assistant Prof. (Vocal)
SIFF,Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

Dr. Nupur Nehru
H.O.D. Fine Arts, N.A.S. Degree college,Meerut

Mr. Rana SabyaSachi
Assistant Professor, Painting
SIFF,Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

Dr. Rekha Seth
HOD, Music Dept. I.N.(P.G.) College, Meerut

Mr.Santosh Sahni
H.O.D. Painting, SIFF
Swami Vivekanand Subharti University, Meerut

For Advertising Details Contact : +91-9639 010 177
9639 010 066

Manuscripts should be sent to : Registered Address : Subharti Institute of Fine Arts & Fashion Design, Swami Vivekanand Subharti University.Subharti Puram, NH-58, Delhi Haridwar Bypass Road, Meerut - 250005
Email : siff.fragrance14@gmail.com

Subscription on Rates :

Per Issue	:	₹ 200/-
Annual (2 Issues)	:	₹ 350/-
Annual (2 Issues)	:	6 $

Art Fragrance

A RESEARCH JOURNAL OF FINE ARTS, PERFORMING ARTS & FASHION

ADVISORY COMMITTEE

Abhay Shankar Mishra
Kathak Guru
Bharat Bhawan, London (UK)

Dr. Alka Tiwari
Head of Fine Arts Department
C.C.S. University, Meerut

Prof. Amarjeet Singh Padam
Dean , Fine Arts,
Institute of Fine Arts,Allahabad (U.P.)

Dr. Aruna Dayal
English Language Expert
Freelance Journalist

Dr. Chetna Banarjee
Associate Professor (Vocal)
University of Mumbai, Mumbai (Maharashtra)

Prof. Hem Chaterjee
Chairmen, Fine Arts Department
H.P. University, Shimla (H.P.)

Dr Jaya P. Shukla
Associate Professor, Hindi Deptt.
Banasthali university (Raj.)

Dr. Kaushal Shrivastava
Prof. in Music vocal
Banasthali University (Raj.)

Kankana Dhar
Hon'ble Vice Chancellor
Bhatkhande Deemed University, Lucknow

Dr. L.C. Sharma
Retd. Head of visual art department,
N.A.S. Degree college, Meerut

Dr. Namrata Arora
Associate Professor, Resource Management
Banasthali University (Raj.)

Nidhi Garg
CEO, Nidhi Chopra
Newyork (U.S.A.)

Prof. Prem Chandra Vishwakarma
Ex. Chairmen, Fine Arts Department
M.G. Kashi Vidhyapeeth, Varanasi (U.P.)

Dr. Rajni Pratap
Eminent Vocalist
Principal, K.L.P.G. College, Meerut



Prof. Ram Niranjan
Chairmen
Fine Arts Department Kurukshetra University,



Prof. S.K. Lahiri
Chairman, Delhi College of Art,
University of Delhi

Dr. Delhi Nagar
Associate Professor
Performing Art Department - Banaras Hindu University, Varanasi (U.P.)

Pt. Vijay Shankar Mishra
Eminent Writer & Artist
Delhi

SUBHARTI INSTITUTE OF
FINE ARTS AND FASHION DESIGN

BFA, MFA

★ Degree
★ Diploma
★ Certificate

PAINTING
SCULPTURE
APPLIED ART
FASHION
TEXTILE
ANIMATION
MUSIC
DANCE

BFA (Bachelor of Fine Arts) - 4 years
(Painting, Sculpture, Applied Arts, Fashion Design, Animation)

BPA (Bachelor of Performing Arts) - 3 years
(Classical Dance - Kathak, Vocal, Sitar)

B.Sc & M.Sc in Animation
Industrial Collaborations with: framebexx

MPA (Master of Performing Arts) - 2 years
(Classical Dance - Kathak, Vocal, Sitar)

MFD (Master of Fashion Design) - 2 years

Ph.D. (Painting Performing Art) - 2 years

Diploma Course - 1.5 years & 3 years
(Painting, Fashion Design, Sculpture, Animation, Textile, Classical Dance, Kathak, Vocal, Sitar)

Certificate Course - 1 years
(Painting, Fashion design, Sculpture, Animation, Textile, Classical Dance, Kathak, Vocal, Sitar)

Head Office : Subhartipuram, Nh-58, Delhi Haridwar Meerut Bypass Road, Meerut - 250005
Ph. : 0121-3055027, Mob. : 9639010066, 9997371772 | E-mail : siff09unii@gmail.com

Om Sai

SANGEETAYAN

AN INSTITUTE OF DANCE & MUSIC

Kathak Dance | Folk Dance | Western Dance
Classical Vocal | Light Vocal | Guitar
Keyboard | Tabla | Drum Set

1261, P.L. Sharma Road, Meerut - 250001 (U.P.)
08126654539, 09997424220
sangeetayan_15@gmail.com

OFFICE OF THE PRINCIPAL & DEAN
SUBHARTI MEDICAL COLLEGE
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
SUBHARTIPURAM, NH-58, DELHI HARIDWAR MEERUT BYPASS ROAD, MEERUT. PIN–250005
Ph: 0121 - 243 9043, 243 9052, 305 8031, 305 8032; Fax: 0121 – 243 9067 Email : subharti.uni@gmail.com; www.subharti.org

It gives me immense pleasure and satisfaction to note that the Nandlal Bose Subharti institute of Fine Arts and Fashion Design is moving a step forward in their endeavor of publication of I Volume 11 issue of the unique research journal ART FRAGRANCE which primarily focuses on the exploration of the yet unchartered territories of fine arts, performing arts and fashion design.

The greatest monk of India Swami Vivekanand ji said "The real purpose of the process of education is to manifest the best out of an individual which is within him". I am convinced that this very dictum pronounced by Swami Vivekanandji has been actualized in a genuine and realistic way by the publication of this journal by giving priority to the individual researches and innovations. I am sure that this journal is all set to attain a numero uno status in the field of fine arts, performing arts and fashion design related information by its dependability, credibility and wide coverage.

I am in no doubt that there must be a strong and audacious building up to the 11 issue as the very first issue of the journal must have played a pivotal role in disseminating the information about the fine arts, performing arts and fashion design.

My greetings are with the team of the journal for all their achievements so that they continue harvesting successes, extend journal's diffusion and influence.

Dr. Prof. Mukti Bhatnagar
MBBS, MD (Medicine), PGDMCH, PGDM

OFFICE OF THE VICE CHANCELLOR
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Establish under UP Govt. Act No. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act, 1956)

Dr N.K. Ahuja
MDS (ORTHO), PGDHHM, FICD, FWFO, FPFA, FICCDE
Vice Chancellor
Army Dental Corps (1970 — 1993)
Past President Indian Orthodontic Society
Former Director PG Studies & Principal
Subharti Dental College

Message

I am pleased to learn that 2" issue of research journal "ART FRAGRANCE" is being published. Art in any form i.e. visual, performing or fashion design is beauty by itself, irrespective weather its in geometric form or simple composition.

This issue of research journal will be yet another master piece & be a document of historical value.

Best wishes for the whole editorial team may you all succeed in achieving intended goals of your publication.

(Dr. N.K. Ahuja)
Vice-Chancellor

Subtiartlpuram, NH-58, Delhi-haridwar Bypass Road, Meerut-250 005 (UP) India.Ph. 0121-243 9043, 243 9052, 3058031, 3058032
Telefax: 0121-243 9067, E-mail: sysu_vcoffice@rediffmail.com, vc@subharti.org, Website: www.subharti.org

OFFICE OF THE PRINCIPAL & DEAN
SUBHARTI MEDICAL COLLEGE
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
SUBHARTIPURAM, NH-58, DELHI HARIDWAR MEERUT BYPASS ROAD, MEERUT. PIN–250005
Ph: 0121 - 243 9043, 243 9052, 305 8031, 305 8032; Fax: 0121 – 243 9067 Email : subharti.uni@gmail.com; www.subharti.org

Dr. A. K. Asthana
MBBS, MS

Principal & Dean
Subharti Medical College
Meerut.
Chief Medical Suptd.
C.S.S. Hospital, Meerut.

Date : 19.01.2016

MESSAGE

First of all, I would like to take this opportunity to congratulate the entire team involved in publishing the 1" Volume IInd Issue of ART FRAGRANCE. It was indeed a felt need to start this scientific Journal of Fine Arts, as the researchers will get the right platform to publish their articles easily with high standards. The articles covered in this issue are very relevant in current perspectives.

I sincerely hope that ART FRAGRANCE will become top Journal of Fine Arts and achieve the higher ranking at national & international levels.

I also hope ART FRAGRANCE will bring more fame to Subharti Institute of Fine Arts & Fashion Designing & Swami Vivekanand Subharti University, Meerut. With regards and blessings.

(Dr. A.K. Asthana)

डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी
(विधायक)
अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, उ0प्र0
पूर्व राजयमंत्री, स्वतंत्र प्रभार (उ0प्र0 शासन)

कार्यालय : 7, विधान सभा मार्ग, लखनऊ
फोन : 0522–2629951, 2628584
फैक्स : 0522–2612437
ई–मेल : bjpup@rediffmail.com
bjpuppresident@gmail.com

February, 16, 2016

MESSAGE

I am glad to know that Nand Lal Bose Subharti Institute of fine Arts and fashion design, Swami Vivekanand Subharti University Meerut is going to publish 1st Volume, IInd Issue of it's research journal "ART FRAGNANCE" focused on fine Arts, performing arts and fashion design, in near future.

I am sure that this journal will be very helpful to the students and others being involved in fine arts activities.

I wish, the publication of "ART FRAGRANCE" Journal, a grand success.

Your Sincerely

(Dr. Laxmikant Bajpai)

Prof. Pintu Mishra,
Principal, Nand Lal Bose Subharti
Institute of Fine Arts And Fashion Design,
Editor in Chief, Art Fragrance
Swami Vekanand Subharti University, Meerut.

निवास : 167/10, नई मोहनपुरी, मेरठ। फोन/फैक्स : 0121–2654644 मो0 : 9412202149 ई–मेल : lbajpai6@gmail.com

चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ (यू.पी.) भारत

प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार तनेजा
बी–एच0डी0 (अर्थशास्त्र)
कुलपति

पत्रांक : एस0वी0सी0/20/268
दिनांक : 09.02.2016

'सन्देश'

जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि ललित कला संकाय, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा कला, संगीत व नृत्य एवं फैशन विषयों पर केन्द्रित शोध पत्रिका "आर्ट फ्रेगरेन्स" के द्वितीय अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका ज्ञानोपयोगी एवं रोजगारोन्मुख उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु छात्र–छात्राओं को प्रेरित करेगी। विश्वविद्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं को मानसिक एवं बौद्धिक रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है।

विश्वविद्यालय परिवार को पत्रिका प्रकाशन करने हेतु शुभकामनायें।

(एन0 के0 तनेजा)

प्रो0 पिन्टु मिश्रा
प्राचार्य,
नंदलाल बोस सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट एवं
फैशन डिजाइन,
स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय
मेरठ।

वी.सी. लॉज, यूनिवर्सिटी कैम्पस
मेरठ–250 004

ऑफिस : +91-0121-2760554, 2760551, फैक्स : 2762838
कैम्प कार्यालय : +91-0121-2600066, फैक्स : 2760577

वेबसाइट : ccsuniversity.ac.in
ई–मेल : vc@ccsuniversity.ac.in

Swami Vivekanand

SUBHARTI UNIVERSITY

Approved by UGC

MEERUT

Subharti.org

"Where Education is Passion"

- 250 Acre Campus
- World Class Infrastructure
- Finest Faculties
- Air Conditioned & Air-Cooled Hostels
- Wi-Fi Campus
- State-of-the art Auditoriums
- Highend Security Services
- In-House Medicare & Denticare Facilities
- Canteens & Cafeteria
- Banking Services
- Gymnasiums with World Class Fitness Programs
- Transport Facilities
- Personality Development Cell
- Training and Placement Cell

Admission Helplines:

+91 9639222288 / 89 / 90 / 91 / 93 / 98

SMS "SVSU <Course Name>" to 53030

Apply online at: www.subharti.org E-mail: admission@subharti.org

Subhartipuram, NH-58, Delhi-Haridwar Bypass Road, Meerut- 250005

Ph: 0121-3058031-32 Fax 0121-2439067

CONTENTS

ARTIST COLUMN — Padamshri Sh. Ram Vangi Sutar

1.	Ms. Akanksha Saraswat	आधुनिक संस्थागत संगीत शिक्षा व घराने एक समीक्षात्मक विवेचन	1
2.	Dr. Anita Rani	वैश्वीकरण एवं भारतीय संगीत कला	5
3.	Dr. Archana Rani	रवीन्द्रनाथ टैगोर का काव्यात्मक चित्र संसार	7
4.	Ms. Karuna	अमृता शेरगिल की सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा	10
5.	Ms. Madhuri Sharma	Tap dance : The Happy feet from African - American's slave culture	14
6.	Dr. Nazima Irfan	अर्ब्दुरहमान चुगताई की कला और बंगाल चित्र शैली का पारस्परिक सम्बन्ध : 'एक अध्ययन'	16
7.	Ms. Priyanka Rastogi	संगीत से प्रभावित युवा पीढ़ी	19
8.	Dr. Poonam Lata Singh	कला का प्राण 'रंग'	21
9.	Ms. Rana Sabyasachi	Role of Arts and crafts in Promotion of Indian tourism	23
10.	Dr. Reena Gupta	संगीत शिक्षा और नई टैक्नोलॉजी	26
11.	Ms. Shabahat	कला में सौन्दर्य	28
12.	Ms. Shalini Rani	टैगोर कला में भारतीय सामाजिक सन्दर्भ	30
13.	Dr. Shuchi Gupta	हरिभूमि प्रदेश की नृत्य परम्पराएँ	34
14.	Dr. Sonal Bhardwaj	Art & Rhythm	37
15.	Mr. Suyanka Gupta	भारतीय रंगमंच के परिवेश में संगीत योजना	39
16.	Mr. Ujjwal S. Kadode	मीडिया का बाजारीकरण	42
17.	Dr. Vandna Chaubey	कत्थक नृत्य में गज़ल की भूमिका	45
18.	Dr. Venus Tarkaswar	Possibilities in Enhanced Music Education for building Careers	49
19.	Pt. Vijay Shankar Mishra	वर्तमान संगीत शिक्षा की शिक्षण पद्धितयां एवं तकनीकियां	54
20.	Mr. Vinay Kumar	Visual Art in Developing Indian Economy & Ethical Responsibility	58

Art Fragrance

A RESEARCH JOURNAL OF FINE ARTS, PERFORMING ARTS & FASHION

1st Volume, Ist issue of Research Joiurnal Art fragrance is unveiled by honourable Home - Minister of India **Shri Rajnath Singh Ji**, Prof. **Pintu Mishra**, Dr. **Bhawna Grover Dua** & Dr. **Pooja Gupta**.

Artist Column

PADAMSHRI SH. RAM VANGI SUTAR

Padamshri Sh. Ram V Sutar Born on 19th February, 1925 in a Small Village Gondur, around 3Km from Dhule. Dhule is a small district town near Chalisgaon Junction. He earned Diploma in Sculpture with a Gold Medal from Sir J.J. School of Art, Mumbai in 1952. He works with ease and mastery in bronze. He has been wallowing in the rich arena of realistic sculptures and has been recognized by various Countries and Artists from all over the world.

Sh. Ram V. Sutar served in the Department of Archaeology from 1954 to 1958 as a modeller for restoration work of sculptures at Ellora and Ajanta Caves where he has restored many of the sculptures. Then he joined Department of Audio-Visual Publicity, Ministry of Information and Broadcasting, New Delhi as Technical Assistant (Model) in the Exhibition Division and worked there till 1959. Then he decided to work as a freelance sculptor and made two sculptures for the main gate for Agriculture Fair, Pragati Maidan, New Delhi. Unassuming and soft spoken Ram takes delight in executing gigantic monumental works. His first triumph was the Chambal Symbolic monument at the Gandhi Sagar Dam.
The statue of Pt. Govind Ballabh Pant overlooking Rafi Marg, New Delhi bears an ample testimony of Ram V. Sutar's creative genius. The magnificent 10 feet. high bronze statue is a proof enough of the artist's marvellous skill and flawless execution.

Sh. Ram V. Sutar has exhibited his works at a number of National and International fairs in India. His bust of Mahatma Gandhi has been highly appreciated and has been selected for installation in many countries including France, Italy, Argentina, Barbados, Russia, England, Malaysia and Caracas on the occasion of Gandhi Centenary Celebrations. His Sculpture of Mahatma Gandhi has been installed in more than one hundred fifty different countries.

Sh. Ram V. Sutar has made more than 200 monumental sculptures in last sixty years. Many of the statues adorn the Parliament house, New Delhi including 16 feet high Mahatma Gandhi's statue in meditation pose, 18 feet high statues of Pt. Jawaharlal Nehru, Smt. Indira Gandhi, Maulana Azad, Sardar Patel, Maharaja Ranjit Singh, Shivaji Maharaj, Jai Prakash Narain, Bhagat Singh, Mahatma Jyotiba Phule, Hemu Kalani, Vithal Bhai Patel, Shahuji Maharaj, Babu Jagjiwan Ram and Pt. Govind Ballabh Pant.

His sculptures are installed in different parts of India and all over the world including USA, Europe and Asian Countries. Ram V. Sutar has been honoured with many National awards. In 1999 he was awarded PADMASHREE for his contribution in the field of sculpting by the then President of India, Shri K.R Narayanan, "Life Time Achievement Award" from "Bombay Art Society" given by Hon'ble Minister Mukul Wasnik, Ministry of Social Justic and Empowerment on 11th January, 2010, Awards and Honour by Sahitya Kala Parishad , New Delhi and many More..

. His works have been appreciated in India and also all over the world.

आधुनिक संस्थागत संगीत शिक्षा व घराने एक समीक्षात्मक विवेचन

आकांक्षा सारस्वत
प्रवक्ता (अंशकालीन)
संगीतविभाग
आर.जी. पी.जी. कालिज, मेरठ

युग परिवर्तन सृष्टि का अबंधित नियम है, जिसके अन्तर्गत सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक वातावरण भी बदलते रहते हैं । अतः युगानुकूल संगीत शिक्षा की पद्धति में भी परिवर्तन होना अघटित–आश्चर्यजनक घटना नहीं है । प्राचीन गुरू शिष्य परम्परा की शिक्षा में भी अति प्राचीन, प्राचीन मध्यकाल, प्रारम्भ मध्य मध्योत्तर, वर्तमान पूर्व मध्य–वर्तमान इस प्रकार काल भेद दिखते हैं ।

प्राचीन काल में प्रचलित भारतीय संगीत पद्धति का अध्ययन करने पर स्पष्ट है कि उस समय भी संगीत में पृथक–2 मतों का प्रचार समय–समय पर रहा जैसे–शिवमत, ब्रह्ममत, नारदमत इत्यादि । भरत नंदिकेश्वर नारद और मतंग ये सभी विद्वान कलाऋषि एवं संगीतकार थे और इसी कारण इनकी संगीत कला अपनी विशिष्टताओं के कारण अलग–अलग जानी जाती थी । वैदिक काल में भी घरानों के समान, सामवेद की शैलियों रामायनी, जैमिनी, कौथुमी इत्यादि थी । मध्य युग में ध्रुपद की बानियां थी जैसे नौहार, खण्डहार, गौबरहार व डागुर आदि । ये ही सम्भवतः कालक्रम से मध्य युग में ध्रुवपद की चार प्रमुख बानियों के रूप में तदन्तर ख्याल के प्रचलन के बाद प्रमुख घरानों के रूप में हमारे सामने आते हैं ऐसा माना जा सकता है ।

हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में ख्याल गीत प्रकार के सन्दर्भ में घराना यह एक विशिष्ट संकल्पना है । ध्रुपद गायन को पीछे कर ख्याल गायन ने जब प्रतिष्ठा पाई तभी से घरानों की संज्ञा प्रचार में आई ।

डॉ0 अबान ई. मिस्त्री ने कहा है कि–

"घरानों का उद्भव पिछली दो तीन सदियों से हुआ है ऐसा मानना ठीक नही होगा। इसके पूर्व भी घराने तो थे परन्तु उनका स्वरूप भिन्न था । वो कभी 'बानि' तो कभी 'मत' नामों से संबोधित किये जाते थे ।"

घराने का व्यापक अर्थ है ऐसी गुरू शिष्य प्रणाली जो कम से कम चार पांच पीढ़ियों से हो तथा जिसके गायन की अपनी एक विशेष शैली हो, संगीत में घराना कहलाती है । दूसरे शब्दों में कह सकते हैं, संगीत में 'स्वर' और 'लय' दोनों मूलाधार हैं और इन्हीं के कम अधिक प्रमाण में प्रयोग कर उसको अपनी विशिष्टता बनाकर उस पर एकांतिक साधना कर बाद में उसे अपने शिष्य प्रशिष्यों में संकरित किया होगा किसी ने स्वर को प्रधान माना होगा तो किसी ने लय को, किसी ने दोनों को उचित मात्रा में प्रयोग कर सुन्दर कलाकृति का निर्माण किया होगा और इस प्रकार अलग–2 घरानों का निर्माण हुआ होगा ।

मुख्य घराने निम्न हैं–

ग्वालियर घराना
किराना घराना
आगरा घराना
जयपुर घराना

इन घरानों का अध्यापन कार्य गुरू शिष्य परम्परा के द्वारा ही हुआ करता था जो कि भारतीय संस्कृति की पूर्व परम्परा रही है ।

वर्तमान समय में संस्थागत शिक्षा प्रचार में है, जहाँ स्कूल कालेजों में संगीत शिक्षा एक विषय के तौर पर सिखाई जाती है । इन संस्थाओं में पाठयक्रम बनाकर परीक्षा आदि होना प्रारम्भ हुआ जो 'घराना' पद्धति में सम्भावित नही था और यहीं से संगीत में घराने का घरानापन धीरे–2 कम होता गया ।

गुरू शिष्य परम्परा व विद्यालयीन शिक्षा पद्धति

संगीत के प्राचीन साहित्य में संगीत शिक्षा प्रणाली का कोई उल्लेख नहीं मिलता है। वास्तव में संगीत विषयक किसी भी प्राचीन संस्कृत ग्रन्थ में संगीत की कक्षाओं या वर्गों का उल्लेख नहीं मिलता है । जहाँ लड़कों और लड़कियों को संगीत की शिक्षा दी जाती रही हो और संगीत का अभ्यास करते हों । यदि कोई शिक्षा थी भी तो वह थी व्यक्तिगत । जिसे गुरू शिष्य परम्परा कहते थे । फिर भी कवि कालिदास रचित "मालविकाग्निमित्रम्" में दो उस्तादों हरदत और गणराज में नृत्य शिक्षा पर प्रतिस्पर्धा और वाद विवाद का रूचिकर उल्लेख मिलता है । जिसमें वे छात्र नृत्य कला की शिक्षा देने और उसमें कला के उचित प्रबोधन की क्षमता के विकास के सही तरीकों पर विचार विमर्श करते हैं । प्राचीन प्रासादों से सम्बद्ध नाट्य सम्भवतः संगीत एवं नृत्य कथाएं ही थी । इनका संचना शाही दरबारों द्वारा किया जाता था। जिसका उद्देश्य समारोहों के अवसर पर उनके आदेश पर संगीत एवं नृत्य के कार्यक्रम आयोजित करना था । बताया जाता है कि प्राचीन तक्षशिला और नालन्दा विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध संगीत एवं नृत्य संस्कृति के केन्द्र थे । इस उल्लेख मात्र के अलावा हमें ऐसा कोई उल्लेख नहीं मिलता जिससे हमें संगीत शिक्षण व्यवस्था का पता चलता हो ।

गुरू शिष्य संगीत शिक्षा प्रणाली

सामूहिक स्तर पर शिक्षा आरम्भ होने से पहले प्रत्येक स्थान पर गुरू शिष्य परम्परा थी । छात्रों की शिक्षा के लिए विशिष्ट विधा की व्यक्तिगत शिक्षा प्रणाली का अनुसरण प्राचीन काल में होता था । कला अथवा ज्ञान की विशिष्ट शाखा के लिए स्वाभाविक रूझान अथवा प्रतिभा वाले युवा को उसी विधा के विशेषज्ञ के पास भेजा जाता था और वहीं उसे प्रशिक्षण देता था । उन दिनों शिक्षा अमूल्य दान था। प्राचीन काल में महान कलाकार और विद्वान स्वयं ऐसे शिक्षार्थियों की खोज में रहते थे जिन्हें वे अपनी विधा और कला का दान कर सकें और जो ज्ञान दान के महत्व को समझ सकें तथा निष्ठा के साथ उसका अनुसरण कर सकें । ऐसे व्यक्ति ही महान कलाकारों के पास जाते थे और ऐसे व्यक्तियों को ही विद्वत्जन प्रेम और दिलचस्पी के साथ शिक्षा देते थे । ज्ञान और कला के कर्णधारों को उन दिनों राजाओं और नवाबों का उदार संरक्षण प्राप्त था । वे अपने छात्रों से प्रशिक्षण के लिए किसी प्रतिदान की न तो आशा करते थे और न ही उन्हें उसकी आवश्यकता थी । वास्तव में वे शाही संरक्षकों से उपहार और चंदे के रूप में प्राप्त भूमि और धन से अपने छात्रों के लिए वस्त्र भोजन की व्यवस्था करते थे । यह सत्य है कि वे अपने छात्रों से कठोर परिश्रम करवाते थे और कभी–2 तो छात्रों को गुरू की कष्टप्रद निजी सेवा भी करनी पड़ती थी। हो सकता है वह सब शिक्षा का एक अंग हो । शिक्षक का यह प्रेम श्रम के रूप में शिक्षा की भावना और छात्र की निष्ठा, शाही संरक्षण शिथिल होने के साथ ही समाप्त हो गई और शिक्षक को अपने आजीविका साधन की खोज के लिए बाध्य होना पड़ा । शिक्षार्थियों के लिए कला शिक्षा एक बहुत कठिन समस्या बन गई । उन्हें शिक्षकों से शिक्षण का अंश मात्र पाने के लिए भी निजी सेवा अथवा धन के रूप में भारी मूल्य चुकाना पड़ा । निष्ठावान छात्र उस्ताद की उद्देश्य पूर्ण विमुखता तथा सभी प्रकार की कठिनाईयों के बावजूद अपने निधारित पथ पर टिके रहे । इसी के फलस्वरूप वे अग्रणी कलाकार के रूप में सफल रहे । हाल के वर्षों के कई महान कलाकारों ने ऐसी स्थिति का सामना किया है ।

पेशेवर उस्तादों की परम्परागत प्रणाली के कई गुण हैं । नये विद्यार्थी की व्यवहारिक शिक्षा के लिए विशिष्ट परम्परा अथवा घराने में प्रवेश गंडा समारोह से होता है । जिसके अनुसार उस्ताद छात्र की कलाई पर गंडा बांधता है और कुछ पवित्र मंत्रोचरण करता है । छात्र के मुंह में दाने प्रदान कर प्रथम शिक्षा सूत्र का दान करता है । संगीत के मामले में मूल संगीत स्केल सरगम सिखाया जाता है । यह समारोह पावन समझा जाता था और उस्ताद व शार्गिद को कुछ अधिकार भी मिलते थे । वह उस्ताद के घर में निकट का सम्बन्धी व परिवार का सदस्य समझा जाता था । संगीत शिक्षा और प्रस्तुतिकरण में उसे उस्ताद और उस्ताद के सम्बन्धियों का समर्थन रहता था । इस प्रकार उस्ताद की निजी दिलचस्पी और उस्ताद शार्गिद के निकट सम्बन्ध के कारण छात्र को सभी प्रकार की कठिनाईयों के बावजूद लगन व साहस के साथ अध्ययन अभ्यास की प्रेरणा मिली । गंडा समारोह उस्ताद के संगीतकारों और शार्गिद के साथी छात्रों की उपस्थिति में होता था और छात्र को सार्वजनिक रूप से शार्गिद घोषित किया जाता था । गंडा समारोह के समय की गई भेंट के बाद शार्गिद से किसी फीस की आशा नहीं की जाती थी । छात्र से उस्ताद के घर में रहकर सेवा करने की अपेक्षा की जाती थी ।

शिक्षा देते हुए कुछ बातों का विशेष ध्यान रखा जाता था । प्रथम पाठ था सुर भरना । शिष्य को अपनी श्वास क्षमता के अनुसार कंठ तारता के अनुरूप मंद्र सप्तक के मूल स्वर षड़ज पर रूकना होता था । यह अभ्यास नियमित रूप से प्रतिदिन प्रातः एक अथवा दो घण्टे करना पड़ता था । षड़ज की दीर्घता धीरे–धीरे बढ़ाई जाती थी । इस अभ्यास का उद्देश्य टिकाव, स्थिरता, शक्ति तथा आवाज की तारता का ज्ञान और श्वास नियंत्रण बढ़ाना था । इसमें उचित मार्गदर्शन अवश्य होता था, अन्यथा अधिक अभ्यास अथवा गलीत आवाज लगाने से आवाज के फटने का डर रहता था या गलत सुर बैठ जाने का भय रहता था । इसलिए उस्ताद अपनी निगरानी में शिष्य को अभ्यास करवाते थे । यह अभ्यास कई महीने तक चलता था । उस्ताद तब तक आग्र की तालीम नहीं देते थे जब तक उन्हें इसका संतोष नहीं हो जाता कि शार्गिद ने आवश्क शक्ति, क्षमता व स्थिरता प्राप्त कर ली है । हमारे आज के छात्रों में महीनों तक मात्र सा का अभ्यास करने का धैर्य और समय कहाँ है । किन्तु प्राचीन काल के छात्र इन निर्देशों का दृढतापूर्वक पालन करते थे । सुर भरना के अभ्यास के दौरान वे छात्र उत्तम संगीत और संगीतज्ञों के सम्पर्क में रहते थे । क्योंकि उनके उस्तादों के घरों में संगीत सभाएं तथा संगीत विषयक विचार विमर्श होता रहता था । सुर भरना अथवा आवाज को सांगीतिक बनाने की पूरी प्रक्रिया होने तक वे सैकड़ों संगबीत सभाएं देख सुन चुके थे और घरेलु वातावरण में संगीत के व्यवहारिक पहलुओं पर विभिन्न विचारों का श्रवण कर चुके होते थे । उत्कृष्ट सांगीतिक बंदिशों और कलापूर्ण आलाप से उन छात्रों के कान गुंजरित हो चुके थे । उनके कानों को स्वतः एक शिक्षण मिल चुका होता था।

शार्गिद द्वारा आवाज की स्थिरता एवं शक्ति प्राप्त कर लिए जाने के बाद उसका दूसरा पाठ होता था सरल स्केल का अभ्यास, जिसे बढ़ी लय में करना होता था । सामान्यतः यमन, बिलावल, भैरवी जैसे कुछ मूल ठाठों के सरल आरोह–अवरोह का अभ्यास खुली आवाज में करना होता था । इनके यमन, खमाज, भैरव जैसे रागों में ध्रुपद शैली के कुछ सरल गीतों और उन्हीं रागों में ख्याल शैली के कुछ रागों की स्वर संगतियों का अभ्यास करना होता था । हालांकि शिक्षा का कोई निश्चित पाठ्यक्रम नहीं होता था । उस्ताद जो कुछ सिखातेक थे, वहीं पाठ्यक्रम माना जाता था । शिष्य के आवाज धर्म, सांगीतिक कौशल, स्मृति, सामान्य पात्रता और प्रगति के अनुसार अलग–2 होती थी । स्वर, ज्ञान, अभ्यास क्रम जैसा कुछ नहीं था। इस प्रणाली में छात्र अपनी स्मृति के आधार पर उन रागों और गीतों पर ध्यान केंद्रित करता जो उसे सिखाए हुए होते थे और जो प्रभाव उस पर पड़ता था वह उसी का अभ्यास सैकड़ों बार तब तक करता, जब तक वह स्वयं उसके दिलो दिमाग में जम नहीं जाता । इसी अभ्यास के कारण पचास वर्ष के बाद भी गुरू से सीखा गायन वह उसी रूप में गाता था ।

प्राचीन प्रणाली में संगीत के व्यवहारिक पक्ष पर जोर दिया जाता था । कला के बौद्धिक अध्ययन जैसी कोई बात नहीं थी । संगीतज्ञ मात्र अच्छे प्रदर्शक थे । वे क्या गा बजा रहे हैं । इसका विश्लेषण नहीं कर सकते थे । व्यवहारिक प्रस्तुतिकरण के नियमों

से वे भली भांति परिचित थे । इस प्रणाली के अन्तर्गत अच्छे व्यवहारिक संगीत प्रदर्शकों के साथ मिलना और उनसे बराबर सम्पर्क रखना आवश्यक था ।

विद्यालयीन संगीत शिक्षा प्रणाली

भारत में संगीत विद्यालय की स्थाना का प्रथम रिकाड्ड बड़ौदा स्टेट म्युजिक स्कूल का है । जिसकी स्थापना गत शताब्दी के 90 के दशक में किसी समय हुई। इस स्कूल का संचालन स्व0 मौलाबख्श घिसे खां द्वारा किया जाता था । संगीत में स्कूल प्रशिक्षण के अनुसार प्रशिक्षार्थी को एक दो वर्ष के लिए स्वर ज्ञान के पाठ दिये जाते हैं । जिससे तृतीय वर्ष में प्रवेश करने तक वह संगीत के सभी स्कूल और हिन्दुस्तानी संगीत के सभी बारह मूल सेमीटोन से परिचित हो जाता है। इस प्रकार व स्वर लिपि की पुस्तक से गीत की रूपरेखा सीख सकता है । इन स्कूलों के लिए अध्ययन और अभ्यास का स्तरीय पाठ्यक्रम तैयार किया जाता है । पांच वर्षों की अवधि में शिक्षार्थी लगभग पचास रागों में ध्रुपद, ख्याल के लगभग आधा दर्जन गीतों, तरानों, कुछ ठुमरियों, टप्पे और अपने पाठ्यक्रम के रागों के आलाप–तान से पूर्णतया परिचित हो जाता है । फिर भी देखने में आता है कि मुश्किल से पांच प्रतिशत छात्र ही व्यवहारिक संगीत प्रदर्शक बनते हैं । इसके लिए सामूहिक शिक्षा प्रणाली जो स्कूलों, कालेजों तथा विश्वविद्यालयों में दी जाती है उसमें कई खामियां हैं । यह आशा नहीं की जा सकती कि विश्वविद्यालय से निकला प्रत्येक विद्यार्थी एक प्रतिष्ठित कलाकार ही बनेगा ।

स्कूल के लिए प्रथम और अत्यन्त आवश्यक बात है संगीत कला में विशेषज्ञता के लिए आवाज के गुण, धर्म, प्रवृत्ति और अनुकूल आर्थिक स्थिति के अनुसार छात्रों का चुनाव तथा ऐसे छात्रों के लिए स्कूल की तरफ से छात्रावास की व्यवस्था करना। अच्छे कलाकारों को नियुक्त करके छात्रों को व्यवहारिक शिक्षा दिलाने तथा राग विस्तार का आदर्श प्रस्तुत करवाने की स्थिति में छात्र अच्छे कलाकार बन सकते हैं । स्कूल शिक्षा प्रणाली में बड़े–बड़े उस्ताद शिक्षा देने से कतराते हैं । क्योंकि उन्हें तो अपने कार्यक्रमों से ही फुरसत नहीं मिलती । इस कारण वे छात्रों को समय ही नहीं दे सकते । हाँ आजकल संगीत विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में संगीत सम्मेलनों में बड़े–बड़े कलाकारों का गायन वादन सुनकर छात्र लाभान्वित अवश्य हो रहे हैं ।

स्कूलों में वायस कल्चर पर अभी पूरा ध्यान नहीं दिया जाता है । आवाज की तारता और गुणधर्म के अनुसार छात्रों का उचित वर्गीकरण करके तार्किक आवाज तैयार करने की व्यवस्था नहीं है । प्रत्येक छात्र को वही पाठ्यक्रम लेना और अभ्यास करना पड़ता है चाहे वह उसकी आवाज के गुण, धर्म और रूचि प्रवृत्ति के अनुकूल हो या न हो । निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा कर परीक्षा पास करने की उत्सुकता के कारण छात्र का ध्यान और रूचि वर्ष में दिये गये पाठ के सांगीतिक आवाज से हट जाता है । वह ताल, आलाप को रट लेना परीक्षा के लिए आवश्यक समझने लगता है । प्रवेश लेने वाले अधिकांश छात्रों में से मुश्किल से दस प्रतिशत छात्र संगीतज्ञ बनने के लक्ष्य से गम्भीरता से आगे बढ़ते हैं ।

आधुनिक शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रम के अन्तर्गत स्वर ज्ञान का अच्छा आधार छात्रों के लिए इस विद्या को समझने और आगे चलकर इसके विकास के लिए बड़ा सहायक है, किन्तु आम तौर पर छात्रों की प्रवृत्ति परीक्षा के एक दो माह पूर्व पाठ रट लेने की होती है ।

प्रारम्भिक स्वर, ज्ञान गीतों की पाठ्य पुस्तकों और संगीत शास्त्र ने आधुनिक संगीत छात्रों में अति विश्वास जाग्रत कर दिया है और इस प्रकारी नियमित एवं निरंतर संगीत अभ्यास के महत्व को उसने भुला दिया है । वह केवल रटी हुई चीजें गाता है । यदि वे छात्र नियमित अभ्यास करें तो वे अच्छे कलाकार बन सकते हैं । आजकल आधुनिक तकनीकों की बदौलत छात्र सही नियमित अभ्यास के कारण बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और कर भी रहे हैं ।

विद्यालयीन शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए हमें ऐसी संगीत संस्थाओं की स्थापना करनी चाहिए जहाँ आधुनिक और गुरू शिष्य परम्परागत प्रणालियों का समन्वय कर सकें । संगीत में विशेषज्ञता प्राप्त करने और संगीत का अभ्यास और गम्भीर अध्ययन करने के इच्छुक छात्रों के लिए किसी प्रकार की कमी नही रहेगी । सुयोग्य शिक्षकों द्वारा ऐसे माहौल में हम अच्छे कलाकारों के पनपने की आशा स्कूल शिक्षा प्रणाली से भी कर सकते हैं ।

गुरू शिष्य परम्परा व विद्यालयीन संगीत शिक्षा पर विचारणार्थ आयोजित इस परिसंवाद का महत्व इस दृष्टि से विशेष रूप से है । क्योंकि इस विद्यालयीन संगीत शिक्षा का शुभारम्भ स्व. पं0 विष्णु दिगम्बर पलुस्कर ने सन् 1901 को लाहौर में किया था । सन् 2000 में इसकी शताब्दी पूरी होने जा रही है । इतने लम्बे समय तक किसी शिक्षण पद्धति का चलना जहाँ अपने आप में महत्वपूर्ण हैं वहीं इस शिक्षण पद्धति से जुड़े लोगों को भलीभांति विदित है कि लगभग विगत 25 वर्ष से इसमें दोष पनपने प्रारम्भ हो गये हैं । सोचनीय स्थिति यह है कि ये दोष दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं । जिसके कारण इस पद्धति की उपयोगिता पर प्रश्न चिह्न लग रहे हैं । निश्चय ही इस पद्धति की कुछ कमियाँ हैं परन्तु यह भी सत्य है कि इसके कारण महत्वपूर्ण अनेक अनुसंधान कार्य भी हुए हैं तथा वर्तमान में इसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता । जिस स्वर लिपि पद्धति को इस शिक्षा के लिए आवश्यक माना जाता है । उसकी घरानेदान शिक्षा के नाम खुले आम अवहेलना की जा रही है । इस पद्धति से जुड़े शिक्षक विद्यार्थियों न बंदिशों को स्वर लिपि लिखाते न तान–अलाप लिखाते बनता है । इसका परिणाम यह होता है कि 5–7 वर्षों तक सीखने के पश्चात विद्यार्थियों के पास विद्यानार्जन की पूंजी में कुछ भी संचित नहीं रहता । आज पं0 पलुस्कर व पं0 भातखण्डे से सीधे जुड़े शिष्यों में से जहाँ तक मुझे ज्ञात है कोई जीवित नहीं है ।

उनके शिष्यों के कुछ शिष्य अंगुलियों में गिनने लायक बच गये हैं उन सबको और अन्य लोगों को जो गम्भीरता से इस पद्धति से जुड़े रहे हैं उन सबको उसमें परिसंवाद में एक स्थान पर एकत्रित करने की अत्यन्त आवश्यकता है । इसमें इस शिक्षण पद्धति पर गम्भीरतापूर्वक भविष्य की दृष्टि से विचार किया जाना सम्भव हो सके । यह कार्य कोई विश्वविद्यालय कर सकता है और ऐसे संवाद

के लिए केन्द्रीय शिक्षा विभाग तथा भारतीय शिक्षा विभाग से सहयोग मिल सकता है ।

निष्कर्ष

संगीत की आधुनिक शिक्षा पद्धति से एक लाभ हुआ कि 'कानसेन' तैयार हुए, संगीत में शौक उत्पन्न हुआ, संगीत शिक्षा प्रत्येक के लिए सुलभ हो गई, रोजगार के अवसर प्राप्त हुए । अपवाद स्वरूप एकाद संगीतज्ञ भी तैयार हुए फिर भी उन्हें संगीत के साम्राज्य में स्थापित होने के लिए घरानेदार कलाकार का नाम पीछे लगाने की आवश्यकता महसूस होने लगी ।

आधुनिक शिक्षा पद्धति में समय की कमी, नियत कोर्स का बंधन, एक साथ कई विद्यार्थियों को पढ़ाना तथा विद्यार्थियों द्वारा सिर्फ एक या दो रागों को करके ही पास होना इन सभी कारणों से संगीत के स्तर में गिरावट आई । आज भी घरानेदार गायकों द्वारा तैयार शिष्य एवं संस्थागत शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी में फर्क दिखाई देता है । जो आधुनिक शिक्षा की कमी को स्पष्ट करता है । अतः निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि आज की आधुनिक शिक्षा पद्धति प्राचीन संगीत घरानों की बराबरी नहीं कर सकती । आज संगीत माध्यम के द्वारा रोजगार के अवसर कम होने की वजह से शिक्षार्थी इस विषय को लेने में रूचि नहीं दिखाते, इस कारण हमारी इस अमूल्य विरासत का शनै–शनै ह्रास होने लगा है । आधुनिक शिक्षा पद्धति से अपेक्षाकृत बहुत ही कम कलाकारों का निर्माण हो रहा है । अतः इस ओर ध्यान देना हमारे संगीतज्ञों व सरकार को अत्यावश्यक है।

सन्दर्भ सूची :–

डॉ० अलकनंदा व डॉ० हरी सिंह–शास्त्रीय संगीत शिक्षा : समस्याएं एवं समाधान, आदित्य पब्लिशर्स ।

डॉ० चौबे सुशील कुमार–संगीत के घरानों की चर्चा ।

डॉ० दत्ता पूनम–भारतीय संगीत शिक्षा और उद्देश्य ।

देशपाण्डे वामनहरी–घरानेदार गायकी ।

डॉ० ठाकुर सूरत–संगीत मंजरी

डॉ.० अलकनंदा पलनीटकर–शास्त्रीय संगीत शिक्षा (समस्याएं एवं समाधान)

वैश्वीकरण एवं भारतीय संगीत कला

डॉ० अनिता रानी
असिसटेंट प्रोफेसर संगीत विभाग
बी०डी० जैन गर्ल्स पी०जी० कालेज आगरा।

संसार में जितनी भी विधाएँ एवं कलाएँ है, उन सभी में संगीत कला का स्थान सर्वश्रेष्ठ है क्योकि प्रत्येक क्षेत्र का मनुष्य स्वान्तः सुखाय संगीत की शरण चाहता है। यह लौकिक तथा परालौकिक, दोनो ही सुखों को प्रदान करने वाला, तन्त्र–मंत्र की मूल शक्ति तथा ब्रह्म का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप है। संगीत के द्वारा मानव में सौन्दर्य के प्रति संवेदन शीलता का विकास होता है जिससे उसमें सांस्कृतिक परिश्कार आता है। संगीत एक ऐसा आधारभूत ज्ञान है जिसके चारों ओर ज्ञान की अन्य शाखायें विकसित हुई है। संगीत में इतनी शक्ति है कि श्रोता रसमग्न होकर सांसारिक मोह को भूलकर कल्पना के सागर में झूमने लगता हैं। इसी काल्पनिक स्वरूप को साकार करने की क्षमता रखती है कला। मन का कलेश और दुनिया के समस्त अवसाद उन क्षणों में घुलकर धुल जाते है, और जब इस कला–लोक की समाधि में चेतना का उत्थान होता है तो व्यक्ति अपने को तरोताजा महसूस करता है। कपड़े पर छपा हुआ हाथी, वास्तविक हाथी नही होता, यह जानते हुए भी वह मनुष्य को सुख देता है। कला की यही शक्ति मिथ्यात्व को जन्म देती है और इस प्रकार विद्या से अविद्या जन्म–मरण की श्रृंखला चलती रहती है, संगीत को एक सार्वभौम भाषा माना जाता है। चाहे आप भारत में ओपेरा संगीत सुने या अमेरिका में राग–मालकौस कोई भी अन्तर नही पड़ेगा, क्योकि उसमें मात्र संगीत है। किसी देश या भाषा से सम्बन्ध मानकर उस संगीत का सही रसास्वादन नही किया जा सकता। डॉ० मधुरलता भटनागर के शब्दों में जिस प्रकार सुगन्ध अपना वातावरण बना लेती है, उसी प्रकार संगीत कला भी अपना वातावरण सृजित कर लेती है। संगीत और सुगंध दोनों से प्राप्त आनंद की व्याख्या करना कठिन है।

आज सारा विश्व वैश्वीकरण के इस दौर में सांस ले रहा है। आज भारतीय संस्कृति विश्व में अपनी एक नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है तो इसका मुख्य कारण है हमारा संचार–माध्यम। वै वीकरण के इस युग में संचार–माध्यमों ने भारतीय संस्कृति को इसके आदर्शों को विश्व से परिचित कराया है। वर्तमान युग में शिक्षा का क्षेत्र चाहे कोई भी हो सामाजिक परिवर्तन के अनुरूप सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र, ऐसा माध्यम है जो समूचे विश्व को उपग्रह के माध्यम से जोड़ता है। वर्तमान समय में शास्त्रीय संगीत को राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर चिन्हांकित करने तथा समाज के जनमानस में संगीत विषय की सफल सार्थकता को प्रमाणित करने तथा संगीत विषय को समुचित संरक्षण प्रदान करने हेतु प्रचार–प्रसार माध्यमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वैश्वीकरण के इस युग में विज्ञान एवं तकनीकी विकास के साथ–साथ मानव जीवन में ह्रदयगत भावनाओं का स्थान मस्तिष्क की जटिलताओं ने ले लिया है। अतएव प्रगतिपथ पर सतत गतिमान रहने की महत्वकांक्षा ने जहाँ सुविधा, आविष्कार, सूचना, प्रौद्योगिकी, विकास, प्रयोग, बहुकुशलता, तकनीकी ज्ञान, समय, श्रम व ऊर्जा की बचत हेतु संसाधन तो दिए ही है, साथ ही साथ अनियमित जीवन शैली, तनावजनित बढते मानसिक रोग, अर्धविकसित सुविधाभोगी, मानव, आलस्य, अनिन्द्रा, अर्थ के सम्मुख संवेदना व रिश्तों की उपेक्षा प्रर्यावरण प्रदूषण की सौगात भी प्रदान की है। जिनके निवारण हेतु समयोजित प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। संगीतादि कलाओं के आश्रय से वर्तमान परिदृश्य को परिवर्तित किया जा सकता है।

आज का मानव वैश्वीकरण के इस युग में संशय की स्थिति में खड़ा है। वर्तमान संगीत क्या है ? बीसवी सदी के अन्तिम चरण में भारतीय संगीत का चेहरा जितनी तीव्र गति से बदला है, वह गति और परिवर्तन दोनों चौकाने वाली बात है। बदलते वक्त में परिवर्तन को आत्मसात् करना सहज प्रक्रिया है, लेकिन सांस्कृतिक बदलाव का दौर पुरानी समृद्धि को ही निगलने लगे तो क्या कहेगें। नब्बे का दशक शुरू होने पर बाजार में खुलापन आया और भूमंडलीकरण शुरू हुआ, जिसके साथ ही मानवीय उद्यम के कई क्षेत्रों में खासकर कला का ह्रास होने लगा। आज बाजारवाद देश हावी है तो भला संगीत इससे कैसे अछूता रह सकता है हमारी संगीतकला–संस्कृति पर पहले की तुलना में आज कई गुना ज्यादा खतरे मंडरा रहे है जिस जमीन पर ये कलाएँ पनपी, आर्थिक उदारीकरण की आंधी उसे तेजी से निगल रही है। सांस्कृतिक रूप से न तो हम परम्परावादी सामन्ती जकड़न से मुक्त हुए और न आर्थिक सुधार में जमी विकृतियों से बचा पा रहे है। इन दोनों पाटो के बीच फसे है हम। भारतीय समाज में आ रहे इन परिवर्तनों की जड़ बीसवी सदी के अन्त में किए गए आर्थिक सुधार और संचार क्रान्ति में है। इस बात में कुछ सीमा तक सच्चाई भी है। किन्तु गौर करने की बात इससे भी आगे जाती है यह ठीक है कि संचार परिवर्तन का उपादान कारण भूमण्डलीकरण है। ब्लैक बेल डिक्सनरी ऑफ सोशियोलॉजी के अनुसार –भूमण्डलीकरण वह प्रक्रिया है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न समाज के सामाजिक जीवन, राजनीति और व्यापारिक क्षेत्र से लेकर संगीत वेष–भूशा व जन मीडिया के क्षेत्रों

तक अर्न्तराश्ट्रीयस्तर पर अत्यन्त द्रुतगति से प्रभावित हुआ है। भूमण्डलीकरण परिवेश में समकालीन कला सृजन प्रक्रिया में नित्य परिर्वतन हो रहा है।

संगीत कला की सम्पेषण क्षमता ने ही आज वैश्विक परिदृश्य में संगीत को महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। विभिन्न देशों में सामूहिक संगीत प्रस्तुतियों से विश्व–बंधुत्व की भावना का प्रसार होता है। वैश्विक स्तर पर सुना व देखा जाने वाला संगीत ही ग्लोबल संगीत है। संगीत तो जबसे उत्पन्न हुआ है तब से यह एक वैश्विक कला है। संगीत चाहे भारतीय हो, पा चात्य हो या प्राच्य उसमें सुर सात ही माने जाते है।ग्लोबल विश्व में संगीत का पुरातन रूप भाास्त्रीय संगीत है। पश्चिमी देश आज जिस वैश्वीकरण पर जोर दे रहा है, वह भारत में वसुदैव कुटुम्बकम की मूल भावना से अनुप्रेरित है। संगीत कला इस भावना के विकास से अत्यधिक सहायक सिद्ध हो रहा है। आज के इस वश्वीकरण में हम पि चमी कला से बहुत अधिक प्रभावित हो रहे है। वश्वीकरण के इस दौर ने पूरी दुनिया में एक नयी क्रान्ति ला दी है।

आज भारतीय संगीत के पटल पर जो शब्द सर्वाधिक सुनाई दे रहा है वह है पाश्चात्य संगीत। मेरी परिभाषा के अनुसार, यह वह संगीत है जो वैश्विक स्तर पर सुना जाता है और जिसका उत्पादन–प्रकाशन और विवरण संगीत से सम्बंधित उद्योगों से होता है। पाश्चात्य संगीत वैश्वीकरण नियमों के अंकुश में है। जो पाश्चात्य उत्पादक होते है वे यही संगीत चवदेवत करते हैं और इनमें बाजार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, जो कि विभेदीकृत है। बीसवी भाताब्दी में भारतीय संगीत की सभी प्रवृत्तियॉ उभरी है। शास्त्रीय परम्परा के साथ लोक–संगीत, फिल्म–संगीत, नाट्य–संगीत, सुगम–संगीत, विशेष रूप से हिन्दुस्तानी संगीत में भारी परिवर्तन हुए है, इन बदली हुई परिस्थितियों में जो कलाकार सामने आ रहे है, उनकी गायन शैली भी बदली हुई है। संगीत से सम्बंधित वैश्विक स्तर पर पॉच मुख्य कम्पनियॉ है, जो संगीत का वितरण कर रही है– यूनीवर्सल, सोनी, ई0 एम0 आई0, बी0 एम0 जी0 और बार्नर। बहुत सारी भारतीय कम्पनियॉ साझा कार्यक्रम बाह्य कम्पनियों के साथ बना रही है। हम कुल संगीत का अवलोकन करे तो पायेगे कि 79 प्रतिशत संगीत सम्मिश्रित संगीत रहा, जबकि मौलिक संगीत केवल 19 प्रतिशत रहा।

वैश्वीकरण के इस युग में सबसे बड़ा बदलाव तो ये किया है कि भारतीय संगीतकार बड़ी आडियंस के लिए कार्य करने लगे है। दुनिया भर में आज संगीत की इज्जत है। यूरोप और अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में हिन्दुस्तानी संगीत के विभाग बन रहे है और कई स्तरों पर इसका अध्ययन किया जा रहा है। पश्चिम के संगीतकार भाास्त्रीय संगीत की बारीकियॉ समझने में दिलचस्पी ले रहे है और उसके साथ प्रयोग भी कर रहे है। देखते ही देखते पं0 रवि ांकर, उ0 अली अकबर खॉ और उ0 जाकिर हुसैन जैसे संगीतकार ग्लोबल हो गये है। आज भारतीय गायक, वादक, नर्तक दुनिया के हर कोने मं परफार्म करने जाते है और वाह–वाही लूटते है।

आज के वैज्ञानिक युग में इलेक्ट्रोनिक्स टेक्नोलॉजी की नित्य प्रति नवीन से नवीन एवं अत्याधुनिक इलेक्ट्रोनिक ध्वन्यकन उपकरणों ने संगीत की अपार सहायता की है। आज हम इन्ही उपकरणों की सहायता से अपने संगीत को संग्रहीत भी कर सकते है, और पुनः जब चाहे सुन भी सकते है। आज इलेक्ट्रोनिक्स तकनीकी के माध्यम में तानपुरा व तबला जैसे वाद्यों की सजीव आवाज भी उपलब्ध हो गई है। सिंथसाइजर ने तो सैकडों वाद्य यन्त्रों को एक ही की–बोर्ड पर संभव बनाकर चमत्कार कर दिया है। इस तरह संगीत के क्रियात्मक तथा शास्त्रपक्ष को समृद्ध बनाने में संचार माध्यमों ने अहम भूमिका निभाई है। रूकमणि देवी कला के विषय में कहते है कि कोई भी कला अप्रासंगिक होकर जीवित नही रह सकती। वह युग धर्म का प्रभाव ग्रहण करती हुई परिवर्तन के उतार–चढ़ाव, अपकर्ष, उन्नति–अवनति के फलस्वरूप मात्र बाह्य कलेवर बदलकर, प्रासंगिक होती चलती है लेकिन अपना आत्यिक सौन्दर्य नही खोती। भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा इसका ज्वलंत प्रभाव है। पं0 रविन्द्रनाथ टैगोर ने भी कला एवं अन्य ललित कलाओं के विषय में कहा था कि "भावनाओं की अभिव्यक्ति इन्ही के माध्यम से होती है, अतः इन्हे किसी भी कीमत पर विकृत नही किया जाना चाहिए।

जहॉ तक बदलाव की वयार की बात है तो इसे तो कोई रोक नही सकता। संगीत एक ऐसी भाषा है जो सच्चे अर्थो में पाश्चात्य है इसलिए इसमें इतने प्रयोग हो रहे हैं क्योकि इसमें प्रयोग करने की असीम संभावनाएँ है। बस देखना यह कि वैश्विकरण की इस रेस में भारतीय संगीत अपनी पहचान ना खो दे। भारतीय संगीत की मूल आत्मा इसमें बसी रहे, बस यह जिम्मा आज के संगीतकार उठा लें तो यह भारतीय संगीत की सबसे बड़ी सेवा होगी।

सन्दर्भ सूची :–

भारतीय संगीत का सौन्दर्य विधान– मधुरलता भटनागर
आधुनिक काल में शास्त्रीय संगीत– डॉ0 हुकुमचन्द
भारतीय संगीत–शिक्षण प्रणाली एवं उसका वर्तमान स्तर– डॉ0 मधुवाल सक्सैना
लोकमान और मध्यकालीन पंजाबी साहित्य– करनैल सिंह पदम्
संगीत मासिक पत्रिका
संगीत कला विहार
छायानट



रवीन्द्रनाथ टैगोर का काव्यात्मक चित्र संसार

डॉ० अर्चना रानी
विभागाध्यक्ष : ड्राइंग एवं पेण्टिंग विभाग,
रघुनाथ गर्ल्स द्धपीजीद्ध कॉलिज, मेरठ

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की गणना भारत के अग्रणी आधुनिक चित्रकार के रुप में है। उन्होंने तत्कालीन कला नियमों एवं शैलियों से प्रथक् अपना मौलिक सृजन आरम्भ किया। उनका जीवन कला के विभिन्न रंगों से भरा सागर था। उन्होंने कवि रुप में तो प्रसिद्ध प्राप्त की, साथ ही साठ वर्ष की आयु पूर्ण होने पर चित्राकृतियाँ बनाकर उच्च सौन्दर्यानुभूति व्यक्त की। जीवन के सन्ध्याकाल में कवि ह्रदय की निराकार भावनाओं को उन्होंने रूपाकार देकर अन्तराल पर मूर्त कर दिया। अपनी कविता को लय बद्ध करने, सँवारने में काँट–छाँट करने से रुपाकार स्वतः उभरने लगे और यहीं से उनमें कलाकार उत्पन्न होने लगा। उन्नीस वर्ष (1880) की आयु में उन्होंने एक व्यक्ति चित्र बनाया था जिसे देख लगता है कि वह कुशल हाथों द्वारा बनाया गया है। ऐसा भी हो सकता है कि उनके सम्बन्धी ज्योतिन्द्रनाथ एक प्रतिशिठत कलाकार थे, सम्भवतः वह व्यक्ति चित्र उन्होंने सँवारा हों। व्यक्ति चित्र बनाने के बाद शायद ही उन्होंने अपनी कलम चित्र बनाने को चलाई हो। फिर एकाएक आयु के साठ के दर्शक में उनका कलाकार मन जागा और उन्होंने रेखा चित्र, रंग चित्र बनाने प्रारम्भ कर दिये। सन् 1928 से 1940 के मध्य तक उन्होंने लगभग ढाई हजार चित्र बनायें जो अनेक संग्रहालयों की शोभा हैं। लेकिन उनके अधिकांश चित्र शान्ति निकेतन कोलकाता के संग्रह में हैं। शान्ति निकेतन के समकालीन अनुयायियों के लिये वह 'पवित्र अवशेश' अथवा 'गोपनीय रहस्य' के समान है।

उन्होंने इस विषय में लिखा भी है–**"मेरी सुबह गीतों से भरी हुई थी, सूर्यास्त का समय रंग से भरने दो।"** उपरोक्त शब्दों में ही उनके जीवन का सार छिपा है। 7 मई 1861 को कोलकाता में जन्में बालक के विषय में कौन जानता था कि वह बड़ा होकर, 'गुरुदेव' कहलायेगा तथा साहित्यकार, कवि, संगीतकार, नाटककार, चित्रकार, समालोचक आदि विविध गुणों का अधिष्ठाता बनेगा। सन् 1928 से पूर्व तक रवीन्द्रनाथ भारत के सबसे सार्वजनिक व्यक्ति हो चले थे। घेराबन्द, साल–दर–साल सांस्कृतिक दूत और शान्तिनिकेतन के लिये धन–संग्राहक के रुप में देश–विदेश घूमते थे। जो समय उन्होंने अपने पुराने मित्र विल रॉथेन स्टाइन (तब वे रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट में प्रोफेसर थे) से 1930 में एक पत्र में शिकायत की–

"मैं अपने मन में एक दुष्कर आशा पाले हूँ– इन घने गुँथे दिनों में जो मुझे बंदी बनाये हैं, कहीं पर जरा सा आराम पाने की और सभी आवश्यक दायित्वों से छूट निकलने की। मेरी नियति है मानवता के लिए निरंतर कल्याणकर बने रहना और किसी उद्देश्य में जुटे रहना। मेरे अंदर का कलाकार बराबर मुझे नटखट और सहज होने के लिए उकसाता रहता है लेकिन मैं जैसा सचमुच हूँ वैसा हो पाने के लिए बहुत से साहस की जरुरत है।

चित्रकार के रुप में टैगोर की विशेषता यह है कि उन्होंने अपनी कला को वस्तु में निहित अमूर्त भाव द्वारा सृजित किया है। कहीं–कहीं मूर्त वस्तु को भी अमूर्त रुप में चित्रित कर अपनी सुदृढ़ कलाभिव्यक्ति का परिचय दिया है। टैगोर ने अपने अमूर्त सौन्दर्य–चिन्तन को प्रकृति की काव्यात्मकता एवं रहस्यात्मकता के साथ शाब्दिक अभिव्यक्ति के रुप में तो प्रस्तुत किया ही है, किन्तु उसे अपनी स्वच्छन्द रेखाओं, रंगों द्वारा रुप देकर कविता का सा लयात्मक एवं काव्यात्मक रुप दिया है।

पश्चिमी विचारक लैगर ने कहा भी है कि शिल्प और तकनीक के आधार पर भेद होते हुए भी सभी कलाओं में साम्य है। अपनी पुस्तक 'फीलिंग एण्ड फार्म' में उसने यह स्पष्ट किया है कि सभी कलाओं में एक ऐसी ठोस जमीन होती है जो सबमें तात्विक समानता को सूचित करती है। मनुष्य की अनुभूतियों में विभाजन नहीं देखा जा सकता, भले ही उसकी अभिव्यक्ति के विविध माध्यम क्यों न हो।

गुरुदेव रवीन्द्र कवि भी थे और चित्रकार भी। उन्होंने एक प्राकृतिक दृश्य–चित्र को देखा और उन्हें लगा कि इसे रुपायित करना चाहिए, पर किस विधा में? प्रश्न जटिल था। वहाँ उन्हें लगा कि इस दृश्य को कविता गहराई से सामने ला सकती है। इसके आगे का एक प्रसंग आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की पुस्तक 'लालित्य तत्व' के पृश्ठ 35–36 से सीधे उद्धत किया जा रहा है–

'कवीन्द्र रवीद्र ने झेलम के वक्र स्त्रोत्र को सन्ध्या की लाल आभा से अच्छादित होते हुए देखा। इसी समय हंस–जातीय पक्षियों की एक पंक्ति उड़ती चली आई। कवि ने पहले तो इसी मनोरम चित्र को देखा। उसने उसे ज्यों–का–त्यों आँकने का प्रयास किया। जो–जो बातें उसे ऐसे लगीं कि पाठक को मनाग्राह्य नहीं होंगी, उनके लिए उसने उपमानों का सहारा लिया और प्रयत्न किसया कि सौन्दर्य जैसा उसे दिख रहा है। वैसा ही पाठक को अवितथ रुप में

हृदयंगम हो जाए।' गुरुदेव टैगोर की उक्त कविता यह है–

'संध्या की लालिमा में झिलमिलाता हुआ
झेलम का यह बाँका स्त्रोत
अन्धकार में मलिन हो गया, मानों म्यान में ढकी हुई
बाँकी तलवार हो।
दिन के भाटे की समाप्ति के बाद आया रात का ज्वार
अपने काले जल में बहकर आते हुए नक्षत्र–पुरूशों को लिए
हुए.
अंधेरे में गिरि–तट की तलहटी में
कतार–के–कतार देवदारु वृक्ष (खड़े हैं)
ऐसा लगा कि सृश्टि मानो स्वप्न में
कुछ कहना चाहती है, (परन्तु)
स्पश्ट कह नहीं पा रहीं है, (और)
उस अव्यक्त ध्वनि का पुंज घुमड़ रहा है
उसके हृदय में।
अचानक सुनाई पड़ी उसी समय
सन्ध्या के आकाश में।
शब्द की विद्युत्छटा, भून्य के प्रान्तर में
क्षण–भर में फैल गई दूर से और भी दूर।'

इस प्रसंग में दो बातें एक साथ उठती हैं– एक ये–कि कुछ मनोभावों, दृश्य–चित्रों और अन्तर्द्वन्द्वों को बिना शब्द के सहारे अर्थात् कविता के बिना अभिव्यक्त करना सम्भव नहीं है। तथा दूसरा ये कि एक कला दूसरी कला के जन्म का कारण बनती है। उपर्युक्त प्राकृतिक चित्र पर चित्र भी बनता तो मनुश्य सृजित और कविता भी लिखी गई तो मनुष्य द्वारा। एक नैसर्गिक सौन्दर्य को वास्तविक स्वरुप में ले आने के कारण ही कलाकार एक तरह से पुनर्सर्जक कहलाता है।

प्रारम्भ में टैगोर ने अपनी कला का सृजन कविता में काट–छांट कर बीच–बीच में किये गये आड़ी तिरछी रेखाओं के सरल रेखांकन से किया है जो चित्रात्मक अक्षरों के रुप में है। इस प्रकार टैगोर की उच्च शाब्दिक अभिव्यक्ति उनकी उच्च संवेदनात्मकत अनुभूति व कल्पना शक्ति को अभिव्यक्त करने में सहायक है और उसी माध्यम से टैगोर ने अपने अमूर्त सौन्दर्य चिन्तन को विश्व के कोने–कोने में पहुँचा कर सभी को अपनी कला से आच्छादित किया है। धीरे–धीरे उन्होंने रेखाओं और रंगों से अपनी सौन्दर्यानुभूति को आकारों में बाँधना आरम्भ कर दिया, जो काव्यात्मक रुप में अपना स्वरुप ग्रहण करने लगे। ये आकार उनकी समृद्ध शब्दावली एवं शिल्पकौशल को व्यक्त करते हैं। इन आकारों में टैगोर ने कहीं उन भावनाओं का चित्ररुप में रुपान्तरण किया, जिन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया हो और कहीं उन विचारों की पुनरावृत्ति चित्रों में की है जिन्हें उन्होंने काव्य रुप में भी प्रस्तुत किया है।

कवि रुप में भी टैगोर ने अपनी अनुभूति को चित्रकार की भाँति रंगों से सजाया है, जो उनकी 'कृति गीतांजलि' की इस कविता में दिखाई देती है। रचना की दृष्टि से निम्न पंक्तियों में उनके अन्दर का चित्रकार ही बोलता दिखाई देता है:

'मैं स्वयं को ही बड़ा बनाऊंगा
यही तो मेरी माया (इच्छा) है
तुम्हारे आकाश को रंग देने के लिए
रंगीन छाया डालूँगा।
तुम अपने 'अहं' को दूर रखकर,
उसे अनेक स्वरों में पुकारोगे
तुम्हारा अपना ही विरह मेरी नीली काया है।

इस प्रकार उनकी काव्य रचनाएँ चित्र की भांति प्रतीत होती हैं और चित्रों में काव्य का सा रुप देखा जा सकता है। उनकी चित्र रचनाओं में रंगों की लयात्मकता एवं तारतम्यता काव्य का सा आभास दिलाती है। अतः उनके चित्रों को काव्य से पृथक नहीं किया जा सकता। टैगोर ने स्वयं की कलाकृतियों को काव्य की पंक्तियों के समान बताया है। (My Pictures are my Versifications in Lines)

कला समीक्षक एवं चित्रकार हेमन्त शेष ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के विषय में लिखा है कि यद्यपि उन्होंने अनायास ही बिना किसी प्रयत्न व सोच–विचार के चित्र जगत में प्रवेश किया, किन्तु वे अपने काव्य में इतने डूबे हुए थे कि उनका चित्र जगत भी उनकी कवि–चेतना ज्ञान से अछूता नहीं रह सका। कवि रवीन्द्र कहीं भ्रमण पर हों या शान्ति निकेतन में, वह निरन्तर चित्र बनाते रहते। एक दिन में लगभग चार–पाँच चित्र बनाना उनकी दिनचर्या का अंग था। प्रारम्भ के उनके चित्रों में कविता या गद्य लेखन बहुत होता था पर जैसे–जैसे वह चित्र बनाते गये, चित्रों में लेखन स्थान कम होता गया और रंगों का महत्व बढ़ता गया। बहुदा वह साधारण ढंग के काले फाउण्टेन पेन से रेखाचित्र बनाते और बाद में ब्रुश या रंग में डूबे कपड़े पर रंगीन चित्र बनाने लगे। उनके चित्र आकार में छोटे ही होते थे, भायद ही उन्होंने दो फुट से बड़ा कोई चित्र बनाया हो। विषय–वस्तु की दृष्टि से उनके चित्रों में पेड़–पौधे पक्षी सर्प, काल्पनिक, पशु–पक्षी, मानव मुखमण्डल पूर्ण मानवाकृतियाँ तथा दृश्य चित्र आदि हैं। उनके चित्रों की सजृन शैली पेश्चमी चित्रकार पॉलक्ली तथा काण्डिन्स्की के सदृश है। उनके बनाये मुखमण्डलों तथा रेखाचित्रों में जो पेन इंक की विविध धारियाँ हैं, वह उनके चित्रों को ग्राफिक कला के निकट ले जाती हैं। वस्तुतः उनके चित्र उनकी सृजनात्मक क्रीड़ा के साक्ष्य हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि भारत में कला में आधुनिकता की भ्रुरुआत करने के कारण उन्हें 'आधुनिक कला का पिता' कहा जाता है। उनकी अनेक कृतियाँ ऐसी हैं जिन्हें पहचाना नहीं जा सकता फिर भी वह स्वीकृत की गई। वस्तुतः वास्तविक परिप्रेक्ष्य में, टैगोर के चित्र 'गौण' है, उनके हस्ताक्षर तो उनकी कवितायें हैं। उनके लिये चित्र छायाओं का खेल है। अगर हम टैगोर के चित्रों को ध्यानपूर्वक देखें तो पता चलता है कि अधिकांश चित्रों में एक नीरवता सी है। अधिकांश कृतियाँ गहरी तान में बनी हैं चेहरे अंधेरों में चित्रित लगते हैं तथा दृश्य चित्र भी रात के अंधेरे वाले मानव रहित बने हैं। वस्तुतः उनके चित्र एक एकान्तिक संवाद को आमन्त्रित करते प्रतीत होते हैं। संक्षेप में, उनके चित्रों में एक रहस्यात्मकता, फंतासी एवं आश्चर्य की गहन अनुभूति है। उनके मुखमण्डल विशयक चित्रों की आँखे हमें आकर्शित करती हैं पर अधर मौन दिखाई देते हैं। अपनी इसी अचेतन प्रेरणा के लिये टैगोर ने लिखा है कि मैं समझता था कि शब्दों के क्षेत्र से बाहर जाकर कलाभिव्यक्ति करने का पासपोर्ट मुझे नहीं मिल सकेगा। लेकिन जो कलाओं में समान रुप से समाविश्ट

है, उसके प्रति मेरे स्वाभाविक झुकाव और उसके उपयोग सम्बन्धी मेरे आभास के कारण मुझे ज्ञान हुआ कि कला के क्षेत्र में मात्र रेखायें और रंग कोई संदेश नहीं देते, चित्रों में ही उनका ध्वन्यात्मक अवतरण होता है। उनका अन्तिम उद्देश्य किसी बाह्य तथ्य या आन्तरिक कल्पना का चित्रण या प्रति लेखन नहीं होता, वरन् उनका अभीष्ट एक ऐसी अनुपातिक समग्रता का विकास होता है जो हमारे दृष्टिपात द्वारा हमारी कल्पना का स्पर्श करती है। इस प्रकार उनके चित्र मानवीय भावनाओं एवं चिन्तन का साकार रुप है। इस प्रकार टैगोर का चित्र सृजन का शुभारम्भ काव्य शब्दों की विकृति से हुआ जो आधुनिक कला की एक विशेषता रही। संक्षेप में, टैगोर की कृतियाँ चाहें वह प्रकृति दृश्य हों, पशु–पक्षी या मानवाकृति–सभी एक अज्ञात एवं कौतूहलपूर्ण भाव को व्यक्त करती दिखाई देती हैं। अनेक चित्र किसी अलौकिक जगत का प्रतिनिधित्व करते दिखाई पड़ते हैं। अनेक कला समीक्षक उनके चित्रों को आदिम कला तथा अतियथार्थवादी कला का रुपान्तरण मानते हैं।

अतियथार्थवादी प्रवृत्ति होने के साथ–साथ टैगोर के चित्रों में यथार्थ दर्शन भी होते हैं। उनकी बनाई मानवाकृतियाँ बैडोल होते हुए भी यथार्थवादी है। अंग–प्रत्यंग विकृत होते हुए भी नाटकीय नहीं है, नेत्र पूर्णतः स्वाभाविक बने हैं। वस्तुतः रवीन्द्र लौकिकता का भ्रमण करते हुए अनायास ही अलौकिक जगत में प्रवेश कर गये हैं। प्रसिद्ध सौन्दर्य शास्त्री, दार्शनीय शैलिंग का कथन भी हैं कि निराकार अनन्त को आकार में परिणित करना ही कला है। टैगोर ने स्वयं भी लिखा है कि "मनुश्य तो केवल आँखों से नहीं देखता, आँखों के पीछे उसका मन है। आँखे ठीक जो देख रहीं हैं, मन उसी का प्रतिबिम्बि मात्र देख रहा है, ऐसा नहीं होता।" असित कुमार हल्दार ने 'रुपदर्शिका' में उद्घृत भी किया है कि कला मनुश्य की कल्पना शक्ति का दर्पण है। उपरोक्त सभी का परिणाम था कि टैगोर की कला में लयात्मक आकृतियाँ, पशु–पक्षियों में विचित्र छाया–प्रकाश के प्रभावों को देखा जा सकता है। इस प्रकार रवीन्द्रनाथ की कृतियों में रंगों एवं रेखाओं की स्वतंत्रता कहीं–कहीं आकारों को सहज परिवर्तित कर देती है। उनके चित्रों में विभिन्न रंगों का प्रयोग नवीनता लिए हुए है। उन्होंने रंगों को समतल रुप में बड़े–बड़े तूलिका स्पर्शों द्वारा प्रयुक्त किया है। उनमें रंगों का सामन्जस्य कहीं तो काव्यात्मक संगति लिए हुए है तो कहीं विरोधी प्रभाव भी लिए है, जिससे उनके चित्रों के रुपाकारों में अलौकिकता दिखाई देती है। यही अलौकिकता उनकी आधुनिक कला का मुख्य तत्व है।

सार रुप में, टैगोर के जीवन को एक लम्बे आत्म–सृजन के रुप में देखा जा सकता है। भव्य श्वेत दाढ़ी और लम्बा कुर्ता धारण करने वाला बंगाली राज परिवार का राजा रवीन्द्रनाथ कवि, कथाकार, संगीतज्ञ, नाटककार, चित्रकार, समालोचक, दर्शन शास्त्री, सभी गुणों के सम्पन्न 'गुरुदेव' की उपाधि से जाने गये। जवाहर लाल नेहरु के शब्दों में रवीन्द्रनाथ भारत के एक महान मानवतावादी थे। उनके गीत 'जन–गण–मन' को भारतीय गणराज्य का राष्ट्रगीत घोषित किया गया।

सन्दर्भ सूची :–

- जगन्नाथ प्रसाद मिश्र – कृतित्व और व्यक्तित्व – रवीन्द्रनाथ ठाकुर।
- समकालीन कला, नई दिल्ली, सं0–13, नम्बर–1989
- र.वि. साखलकर – आधुनिक चित्रकला का इतिहास।
- असित कुमार हल्दार–रूपदर्शिका।
- हजारी प्रसाद द्विवेदी–रवीन्द्रनाथ की कवितायें।
- डॉ0 शिवनाथ–रवीन्द्रनाथ टैगोर के विवेचन की पीठिका।
- Chitrashlip 2 – Rabindranath Tagore, Visva-Bharti, 1951.
- Dr. Mulk Raj Anand- Poet Painter Rabindranath Tagore, New York, 1985.
- I. Clerk – Rabindranath Tagore as Artist, Bombay Art Society, Vol: 9.



अमृता शेरगिल की सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा

करूणा
शोधार्थी
(चित्रकला विभाग)
वनस्थली विद्यापीठ,राजस्थान

सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा के प्रवाह को रोककर रखना कुछ समय के लिए संभव हो सकता है, परन्तु उसे हमेशा के लिए नहीं रोका जा सकता। ऐसी कोशिश होने पर सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा की प्रवाह गति बाँध तोड़कर बाढ़ की तरह अनियन्त्रित वेग धारण कर लेती है। यह सृजनात्मक प्रवाह गति अमृता शेरगिल के कलात्मक संसार में व्यक्त है। उनके सृजनात्मक चित्रों में भारतीय संवेदना की आंतरिक प्रेरणा की प्रवाह निरन्तर गति से बहती रही है। सृजन शब्द में मौलिकता का बोध होता है। जब कोई कलाकार किसी वस्तु की रचना करता है तो उसे सृजनशील की संज्ञा दी जाती है। सृजनात्मकता कलाकार के अंदर विद्यमान रचनात्मक प्रवृति की योग्यता है। कलाकार ही अपनी सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा द्वारा कलाकृति को उचित रूप प्रदान करता है। सृजनात्मक अभिव्यक्ति एक स्वतन्त्र विचार प्रक्रिया है। क्योंकि इसमें भावनाओं और सहज आनंद का मणि–कंचन संयोग हैं। सृजन कुदरत की देन है। यह कलाकार की आंतरिक प्रेरणा से उत्पन्न होती है। सृजन तो मनुष्य के स्वभाव में आदिम युग से बसी हुई है। और इस सृजनात्मक क्रिया के तीन स्पष्ट स्वरूप है–कल्पना, प्रतिभा व आंतरिक प्रेरणा। साधारणतः प्रेरणा शब्द का अर्थ "किसी को किसी कार्य में प्रवृत्त करने की क्रिया। अतः प्रत्येक मनुष्य के अवचेतन में सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा की शक्ति अंतर्निहित होती है। जब कलाकार में सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा जन्म लेती है तब उसकी प्रतिभा, अनुभव, ज्ञान साधनों की तैयारी आदि से कलाकृति का सृजन होता है। अतः अमृता शेरगिल की आंतरिक प्रेरणा जितनी संवेदनशील थी उतनी ही सृजनशील भी थी। सामाजिक बिम्बों के सृजनात्मक निरूपीकरण में अमृता शेरगिल ने दरअसर अंतर्मन संवेदना और भीतर की अपनी बेचैनी को लगभग सभी स्तरों पर जिया हैं। चित्रकार अमृता शेरगिल ने अपने आस–पास के लोगों के दुख, तकलीफ और संकटों का सामना किया तथा ग्रामीण लोगों के भोले–भाले मन, सादे रहन–सहन एवं प्रकृति के साथ रमने वाले जनजीवन को उन्होंने सरल व सहज आकारों में अपनी आंतरिक प्रेरणा व अनुभव से कैनवास पर सृजित किया है।

अमृता शेरगिल ने अपनी सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा व कल्पना से समाज की दयनीय दशा को व भारतीय संस्कार को, गरीब मजदूर, स्त्री के साथ होने वाले अन्याय को अपनी कलात्मक कल्पना व सृजनात्मक शक्ति का हिस्सा बनाया। अतः कलात्मक कल्पना ही वह शक्ति है जिसके आधार पर कलाकार अपनी नवीन सृष्टि को रूप आकार प्रदान करता है। कला के क्षेत्र में कलात्मक रचनात्मक कल्पना का ही योग हैं। कला कोई विशेष प्रकार का सृजनात्मक कार्य नहीं है। प्रत्येक मनुष्य की हर कृति कला हो सकती है यदि उसे प्रेम व तादात्म्य (Empathy) से किया जाए। सृष्टि में विद्यमान हर वस्तु व घटना कलात्मक सौंदर्य से पूर्ण होती है यदि उसे निजी अंह को भूल कर तादात्म्य से अनुभव किया जाए। अमृता शेरगिल जैसे बहुत ही कम कलाकार होंगे जो बाह्य प्रलोभन से विचलित हुए बिना अपने कलात्मक ध्येय पर अटल रह कर अजीवन तादात्म्य के साथ वास्तविक जीवन को सृजित करते रहे। अतः वास्तविक कलाकृति की रचना करने के लिए प्रतिभाशक्ति का बलिष्ठ ज्योतिबिन्दु आवश्यक है। अमृता शेरगिल एक प्रतिभासम्पन्न चित्रकार है जिन्होंने अपनी कलाकृति में भारतीय समाज के मूल दबावों व जीवन की कुंठाओं का वास्तविकता से परिचय दिया है। उनकी प्रतिभाशक्ति का बलिष्ठ ज्योतिबिन्दु दैनिक जीवन की अनुभूतियों की ओर इशारा करता है। उन्होंने भारतीय ग्रामीण महिलाओं को चित्रित करने का और भारतीय नारी की वास्तविक स्थिति को चित्रित करने का जो प्रयत्न किया वह अत्यन्त सराहनीय है। अपनी बौद्धिक और तर्किक क्षमता के द्वारा ही अमृता अपने विचारों एवं कल्पनाओं को सृजनात्मक रूप प्रदान कर पायी, तथा नवीन परिस्थितियों के साथ समायोजन करने में समर्थ हो पायी। व्यक्ति के अंदर विद्यमान इस मौलिक योग्यता और शक्ति को ही मनोवैज्ञानिको ने सृजनात्मकता कहा हैं। "क्रो व क्रो के शब्दों में 'सृजनात्मकता मौलिक परिणामों को अभिव्यक्त करने की मानसिक प्रक्रिया है।" अतः कलाकार रंग, रेखा या चित्र में अर्थात कलात्मक रूप या सृजनात्मक रूपों में अपने विचारों की अभिव्यक्ति का लास्य मौलिकता से स्वतंत्रतापूर्वक प्रकट करता हैं। सृजनात्मकता का अपना स्थान हैं बचपन की भावनाएँ कल्पना शक्ति के अपने वरदान की तरह ही जिधर मार्ग पाती हैं वह निकल जाती हैं। हवा की तरह वे आती हैं, और जाती हैं, मानव निर्मित कोई कानून नहीं मानती। स्वतः स्फूर्त होना ही उनका धर्म हैं। वैसे तो बचपन से ही बालकों में सृजनात्मकता के लक्षण दिखाई देते है, जो उसे अपने आस–पास के वातावरण से रचनात्मक प्रेरणा देते है। "टैगोर के अनुसार वातावरण का प्रभाव मन पर अवश्य ही पड़ता है।" अतः अमृता शेरगिल अपनी आंतरिक प्रेरणा व मानसिक योग्यता के अनुसार बचपन (छः वर्ष की आयु) से ही परियों की कहानी को सुनकर रंगीन चॉक के द्वारा उनको चित्रित करने लगी थी, (देखिए चित्र सं. 1) स्मरण, विचार करने लगी, समझने लगी, ध्यान लगाने लगी और जो वस्तुएँ उनको रूचिपूर्ण लगती उसको वह अपनी आंतरिक

प्रेरणा से मौलिकता के साथ सृजित करने लगी थी। अतः अमृता शेरगिल अपने चंचल व जिज्ञासु स्वभाव से अपने आंतरिक भावों को व्यक्त करने लगी थी। अमृता ने अपनी सृजनशीलता का प्रकटीकरण समुचित स्थान व वातावरण में रहकर ही किया। बचपन में वह हंगरी के ग्राम्य वातावरण व कलाकारों से प्रेरणा लेती और अपनी उस आंतरिक प्रेरणा को कैनवास पर रेखांकित कर देती। इसी तरह अमृता भारतीय परिवेश के वातावरण में भी ग्रामीण लोगों की सादगी व कलात्मक संस्कृतिक केन्द्रों से प्रेरणा लेकर सृजनात्मक कार्य करती रही। अतः सृजनात्मकता की परख उपयुक्त स्थान, समय और वातावरण में ही सम्पन्न होती है।

चित्र सं. 1

चित्र सं. 2

अमृता शेरगिल की कलात्मक आंतरिक प्रेरणा मानव के दैनिक जीवन से प्रेरित है। (देखिए चित्र सं. 2 'हल्दी पीसने वाली') उनके चित्रों में मानव सौंदर्य की अभिव्यक्ति व सामाजिक मानवीय संवेदनाओं का ताना–बाना है, जो उनकी आंतरिक प्रेरणा का निचोड़ हैं। अमृता की कलात्मक आंतरिक प्रेरणा भारतीय नारी हृदय के ईद–गिर्द घूमती रही। वह नारी की मनोवैज्ञानिक दयनीय दशा को अपनी आंतरिक प्रेरणा व संवेदनीय हृदय के साथ कैनवास पर सृजित कर पायी। अतः अमृता शेरगिल ऐसी पहली कलाकार थी जिसने सामाजिक संदर्भों को मौलिकता के साथ कैनवास पर उकेर दिया। अमृता की सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा अजन्ता के विशाल भव्य भित्ति चित्रों को देखकर प्रेरित हुई और उन्होंने अपने कलात्मक संसार में यहीं से एक नवीन मोड़ का सृजन किया। उन्होंने अजन्ता, पहाड़ी चित्रों व दक्षिण भारतीय मन्दिरों की सरल और सपाट कोमल रंगों की प्रतिकात्मक शक्ति को समझा और बसोहली शैली के पहाड़ी चित्रों की सरल योजना से विशेष प्रेरणा ली। इस प्रेरणा से उनके चित्रों में वास्तविता का अभाव आ गया जिसको उन्होंने अपनी कला का सृजनात्मक रूप बनाया। अमृता के उत्साह, निष्ठा, साधना एवं महान् कलाकृतियों के सृजन की इच्छा शक्ति ने इन्हें अल्पायु में ही वह सब करा दिया जिसे कुछ कलाकार जीवन के अंतिम वर्षों तक नहीं कर पाए। परम्परागत भारतीय चित्रकला, भित्ति चित्रण एवं पाश्चात्य कला प्रविधियों एवं प्रवृत्तियों के मेल से इन्होंने मौलिक शैली की नींव रखी जिसमें विषय भारतीय और शैली विदेशी इनका आधार बनी। उन्होंने एक बार कहा था : 'जैसे ही मैंने अपने पैर भारत की धरती पर रखे, मेरी पेंटिंग में केवल विषय और भावना की दृष्टि से ही परिवर्तन नहीं आया अपितु तकनीकी अभिव्यक्ति भी अपेक्षाकृत अधिक आधारभूत ढंग से भारतीय हो गई। तभी मुझे अपने कलात्मक उद्देश्य की अनुभूति हुई, मुझे अपने चित्रों में भारतीय लोगों, खासकर गरीब भारतीय लोगों, के जीवन का विश्लेषण करना है, अनंत समर्पण और सहिष्णुता की मौन छवियों को चित्रित करना है, कुरूपता में भी अद्भुत रूप से सुंदर दुबले पतले सांवले रंग वाले शरीर को दर्शाना है, उनकी उदास आँखों का मुझ पर पड़ने वाले प्रभाव को कैनवास पर उतारना है।'' अमृता अपनी कृतियों में गहन तटस्थता, पूर्वाग्रहों से मुक्ति और वैज्ञानिक व्यक्तित्व को संजोने में पूरी तरह सक्षम रही। अमृता ने मानवीय समाज की समस्या को सृजित करने में अपनी अभिरूचि अभिव्यक्त की। जब कोई व्यक्ति किसी कार्य को इसलिए करता है क्योंकि उसमें उसकी अभिरूचि है तो ऐसा कहा जाता है कि व्यक्ति के अंदर आंतरिक अभिप्रेरणा (Intrinsic Motivation) है। यह अभिप्रेरणा अमृता शेरगिल को भीतर से सृजनात्मक कार्य करने को प्रेरित करती रहती। प्रेरणा किसी भी प्रतिक्रिया की तत्परता का बोध कहा जा सकता है। यह एक ऐसी भावना है जो हमें उस प्रतिक्रिया को करने के लिए उत्तेजित करती है, जिसके लिए कलाकार तत्पर होते है। जब कलाकार को उसकी प्रेरणा मिल जाती है तो वह कलात्मक सृजन करता है।

चित्र सं. 3

कलाकार की सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा में बिम्ब चेतना की रचनाधर्मिता की उस शक्ति का सर्वाधिक योगदान रहता है जिसे हम कल्पना कहते है। कल्पना एक ऐसी अंतःक्रिया है जिसमें इंद्रिया संवेद्य सम्पूर्ण बाह्य प्रत्यक्ष, अनुभूति, संवेदना, स्मृत्याभास और सौंदर्येच्छा से रसायनीकृत होकर अप्रत्यक्षतः मानस अवकाश में अपने चित्रों के सहारे एक समान्तर दुनिया का कलात्मक सृजन

रचता है। बिम्ब सृजन की व्यापक ताकत है। "हर्बर्ट रीड के अनुसार–'कलाकार अपनी अनुभूतियों के लिए प्रतीकों की रचना करता है और तब कलाकृति का सृजन करता है।" अतः अमृता शेरगिल ने अपनी कलाकृति में (देखिए चित्र सं. 3 'प्राचीन कथावाचक') गाँवों के वृक्ष, पशु–पक्षी, घर, आँगन, चूल्हा–चौका आदि कलात्मक बिम्ब चेतना के आधार बनाये। मानवीय संबंधों की ऊष्मा को तपिश देते ये बिम्ब अमृता के कलात्मक सृजन का हिस्सा हैं। अमृता शेरगिल का सृजनात्मक कला संसार नई संभावनाओं को एक जोरदार आहट देने वाला है। इनका कलात्मक संसार दर्शक के हृदय में करूणार्द्र भाव उत्पन्न करता है।

अतः कल्पना शक्ति और रचना संबन्धित निपुणता के मध्य आंतरिक प्रेरणा का गहरा सहयोग होता है। अमृता ने अपनी आंतरिक प्रेरणा से मानवीय आत्मा की गहराईयों को सौंदर्यात्मक रूप से चित्रित किया है। इन गहराईयों को क्षणिक दृष्टिपात से जाना नहीं जा सकता। अतः कला की सौंदर्य अभिव्यक्ति में कलाकार के गुणों का विशेष योगदान रहता है। कला मानस के उल्लास और विषाद की अनायास होने वाली सहज अभिव्यक्ति है, वह दूब की तरह मन में उगती है उसे रोपा नही जा सकता। रचनाकार के संवेदन तन्त्र का स्पन्दन वृत जितना लहरीला होकर फैलता जाएगा, उतना ही वह देश काल की सीमा का सृजनात्मक वैशिष्ट्य उत्पन्न कर पायेगा। वैसे सृजन में वैशिष्ट्य तो आना ही चाहिए। सृजन मूल्यवान ही तब माना जाता है। जब वह अपने पूर्ववर्तियों और निकटस्थ पूर्ववर्तियों से विशिष्ट हो। सृजन में यह विशिष्टता तब ही आती है, जब प्रवहमान सत्यों को अपने इर्द–गिर्द घिरी दर्प–दीनता, आस्था और अनास्थाओं के प्रसंगों की समाहित करने की सजगता कृतिकार में हो। अमृता ने अपने आस–पास के इन प्रसंगो से प्रेरित होकर अपनी सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा को कैनवास पर सृजित किया। अतः "प्लेटो ने कला का मर्म आंतरिक प्रेरणा से माना है।" ऐसा कलाकार नकलची नहीं होता बल्कि प्रेरक होता है। सच्चे सौंदर्य का निवास मानव के अंतःकरण में होता है। वहीं से जब उसे प्रेरणा मिलती है तभी कलाकार सच्ची कला का सृजन कर पाता है। अतः अमृता ने अपनी बौद्धिक कुशलता, प्रतिभा, कल्पना, कला ज्ञान आदि के गुणों को अपनी आंतरिक प्रेरणा का आधार बना कर कलात्मक सृजन का सच्चा स्वरूप रेखांकित किया। कलाकार के आंतरिक मन में सृजन अंततः कल्पना और माध्यम की अंतःक्रिया रहती है। ऐसा स्थिति में कलाकृति रचनाकार की उस साधना को सामने लाती है जो उसने कल्पना और माध्यम के तनावों में से रास्ता बनाकर दोनों के पारस्परिक विलय के लिए की थी। कल्पना और माध्यम की अंतःक्रिया में व्यक्त होकर कलात्मक सृजन किया जाता है। कलाकार सृजनात्मक कार्य अंतःप्रेरणा के क्षणों में रचता है। **(देखिए चित्र सं. 4 'दो नारी')** अमृता शेरगिल की अंतःप्रेरणा से सृजित कलाकृति में हमें ऐसी महिलाओं की जिंदगी की झलक दिखायी देती है जो अपने समय से कहीं पीछे थी, और परम्पराओं में बंधी रहती थी। अमृता शेरगिल की सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा अनुभूतियों से रूप, कल्पना से रंग और भावजगत से सौंदर्य पाकर साकार हुई। अमृता शेरगिल की अनुभूति प्रत्यक्ष सत्य ही नहीं, अप्रत्यक्ष सत्य का भी स्पर्श करती है। उनका स्वप्न वर्तमान ही नहीं, अनागत को भी रूपरेखा में बांधता है। उनकी भावना यथार्थ ही नहीं, सम्भाव्य यथार्थ को भी साकार रूप देती है। इस तरह मनुष्य की अनुभूति का निर्माण उसके तमाम भौतिक और सामाजिक वातावरण के टकराव में होता है और मनुष्य चाहे लाख कोशिश करे, वह अपने इस परिवेश के दबाव से असंयुक्त नहीं रह सकता। अतः अमृता शेरगिल का तनाव भरा जीवन उनकी कलाकृति में एक परिष्कृत रूपाकार ग्रहण कर, उस ऊर्जा का निर्माण करता है जिससे मनुष्य और समाज की मान्यताओं को बदला डालने की क्षमता उनके सृजनात्मक संसार में झलकती है। सृजन के बारे में गुरदयाल सिहँ कहते है–"सृजन का सुख सृजन के बिना और किसी तरह भी नहीं मिलता।" अतः सृजनात्मक क्रिया कलाकार की आंतरिक प्रेरणा से निकली अद्भुत सौंदर्यबोध की रचनात्मक क्रिया है। जब सृजनात्मक चरण ही सृजन–चरण में रूपांतरित होता है–अलौकिक, सौंदर्यबोधात्मक या विशेष होते हैं। अमृता शेरगिल अपनी सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा की भावनाओं को भारतीय परिवेश में विशिष्ट कलाकृति में प्रदर्शित कर पायी। अतः कलाकार "बाहर से संसार को देखता है, अनुभव से गुजरता है, तब वह अनुभव के संसार को अनजाने ढ़ग से अननुमेय दिशा में प्रभावित होकर अपनी कलाकृति को सृजनात्मक रूप देता है। अमृता शेरगिल ने पौर्वात्य व पाश्चात्य संसार की आंतरिक प्रेरणा से प्रभावित होकर अपनी कलाकृति का निर्माण किया। उनके सृजनात्मक संसार में हंगरी परिवेश का बचपन व भारतीय जन–जीवन की गरिमामय सृजन शक्ति का विकसित रूप है। अमृता शेरगिल के सृजन कर्म की अभिव्यक्ति में मानवीय भाव, चित्रित पात्रों की असहाय, निरीह, उदास तथा घुटन भरे दैनिक जीवन का जीता–जागता प्रतिबिम्ब है। अमृता शेरगिल के चित्र केवल स्वानुभूतियों और अंतःप्रेरणा की ही अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि व्यक्ति तथा समाज के स्थाई संकलित अनुभवों और मूल्यों के संयोजन का प्रतिफल है।

चित्र सं. 4

अतः सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा में प्रत्यक्षीकरण व अनुभव का भी अधिक महत्व है। प्रत्यक्षीकरण में चयन और प्रवृत्ति की उत्तम प्रतिनिधि चित्रकर्त्री अमृता शेरगिल है। उन्होंने बसौहली और अजन्ता के बिम्बों को चित्रकार गॉगिन के चमकीले रंगों तथा आकृतिरूपों से समन्वित कर दिया। अतः उनका प्रत्यक्षीकरण दो सांस्कृतिक आदर्शो का कान्त संयोग करता है। उनकी निजी प्रणय–असफलता तथा भारत की उपनिवेशी गरीबी ने उनकी अंतदृष्टि में उदासी और व्यथा का रूझान भी पाग दिया। अतः वे आधुनिकों में सबसे ज्यादा आधुनिक और भारतीय में सबसे ज्यादा सामाजिकतया सचेतन भारतीय सिद्ध हुई। अतः कलाकार की अभिप्रेरणा प्रत्यक्षीकरण को गत्यात्मक और परिवर्तनशील बनाती है तथा अभिप्रेरणा के अलावा कल्पना भी प्रत्यक्षीकरण को सृजनात्मक तथा आवेगात्मक बनाती है। अभिप्रेरणा सृजन की शक्ति होती है। सृजन कला की एक प्रवृत्ति है और प्रत्येक प्रवृत्ति का स्त्रोत अंतप्रेरणा में है। अंतप्रेरणा मनुष्य के अंदर स्थित है। इस अंतप्रेरणा को सृजन की प्रक्रिया कहा जाता है।

अतः कलाकार जब किसी कलाकृति का सृजन करता है तब वह उस कलाकृति में स्वयं तन्मय या विभोर हो जाता है। कलाकार की कृति उसकी आंतरिक प्रेरणा का पक्ष होती है। जैसे वर्षा की पहली बूदें जब दहलीज़ पर पड़ती है तो वे किसे प्रसन्न नहीं करती। बूदों की ध्वनि में एक राग का कलात्मक चित्रण होता है जो कलाकार की आंतरिक प्रेरणा का स्त्रोत बनता है। इसी तरह अपनी सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा से कैनवास पर रंगों और रेखाओं के ज़रिये समय को चित्रित करने वाली अमृता शेरगिल ऐसी चितेरी है जिन्होंने कला में निरन्तर प्रयोग किये उनके बनाए चित्रों में सामाजिकता का सर्वथा नया ताना–बाना बुना गया है। इसे यूँ भी कहा जा सकता है कि अमृता शेरगिल आधुनिक कला प्रवृत्तियों में नए आयाम देने के अपने प्रयासों के चलते बहुत कुछ ऐसा किया है जो उनकी सृजनात्मक आंतरिक प्रेरणा की देन हैं।

सन्दर्भ सूची :–

- शर्मा, योगेन्द्र कुमार, ''प्रतिभासम्पन्न एवं सृजनात्मक बालक'', कनिष्क पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2009
- जोशी, डॉ. ज्योतिष, ''समकालीन कला'', (विजय कौ ाक : सृजनात्मक ग्लास कला की खोज में), अंक–24, फरवरी–मई, 2003, ललित कला अकेदमी, रविंद्रभवन, नई दिल्ली।
- समर्थ, भाऊ, ''चित्रकला और समाज'', परिमल प्रका ान, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण, 1988
- शर्मा, विश्वमित्र, ''बीसवीं सदी के 100 प्रसिद्ध भारतीय'', राजपाल एण्ड सन्स, परिर्वाधत संस्करण, 2004
- सिंह, अरूण कुमार, ''आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान'', मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, चतुर्थ संशोधित संस्करण, 2006
- वशिष्ट, विजेन्द्र कुमार, ''बाल मनोविज्ञान'', अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2004
- उपाध्याय, विनय, ''कला समय'', (नर्मदा प्रसाद उपाध्याय : रूप के पार बसा है जीवन का राग), दिसम्बर–जनवरी, 2010, भंवरलाल श्रीवास, भोपाल।
- वाजपेयी, डॉ. राजेन्द्र, ''सौंदर्य'', मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, तृतीय संस्करण, 2004
- भाुक्ल, प्रयाग, ''समकालीन कला'', (सच्चिदानन्द सिन्हा : समाज और कला संवेदना), प्रदेशांक–1982, ललित कला अकेदमी, रविंद्रभवन, नई दिल्ली।
- मेघ, रमेशकुन्तल, ''साक्षी है सौंदर्यप्रा ाक'', नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, प्रथम संसकरण, 1980

नोट – यह प्रस्तुत चित्र National Gallery Of Modern Art, New Delhi Presents, Exhibition Of AMRITA SHER GIL Paintings **"THE PASSIONATE QUEST"** 31 January to 2 March, 2014, Curated by Yashodhara Dalmia. And www.ngmaindia.gov.in से लिए गये हैं।



Tap dance : The Happy feet from African - American's slave culture

Madhuri Sharma
(PhD scholar)
Dance & Dramatic department
Banasthali University (Raj.)

The word tap means making sound with tapping your feet. The main characteristic of this dance style is to make a rhythmic sound with the tap of your feet and to bring out this sound the dancer wear shoes which makes rhythmic patterns along with different instruments. In the earliest days tapping was done with leather-soled or wooden soled shoes but nowadays it is done with closely-fitted metal taps fixed on a tap shoes. From the earliest days tap have been a percussive dance with different catchy rhythms and referred as a percussive dance.

oxford dictionary of dance define tap dance as "An American dance born characterized by rapid foot – tapping movement. The dancer wears special shoes with metal cleats (plates) so that when the toe or heel is tapping on the hour it makes a distinctive percussive round. Tap routines encompass complex rhythmical patterns and syncopated phrasing, and can be performed to a wide variety of musical styles, but most especially jazz."
there are two types of tap dance style -
Rhythm jazz tap style
Broadway tap style

Jazz is a western music which originated in African American culture. Rhythm jazz tap is more musical and professional and tap dancers consider themselves as a part of this jazz culture. In Rhythm tap the dancer dances with tapping his feet and there is very less use of hands. This Rhythm Tap became part of slave's life in America.
Later 'Show tap' accepted widely by audience because in show tap hand movements had equal importance as foot movements so audience found it more effective. It later known as Broadway Tap style which is more focused on dancing.

History - This dance style originated due to the effect of different western dance cultures. It is difficult to say when it started but the origin of this dance style belongs to African slaves. Tap dance started with African slaves in America, who used to dance with British to entertain themselves and to appreciate each other for their arts to avoid the emptiness of slavery. Gradually with this exchange of culture Tap dance came into existence. So in America, African slaves mixed Irish jig, Lancashire clog and step dance (joova dance) and the combination of these style became tap dance.
African and British fusion started in 17th century. Valis hill in his book "Tap dancing America a cultural history" claims that this style originated in 16th century when Irish and African slaved encountered each other and blended their dance culture, they kept performing in southern America but later in 1800 African Americans and Irish Americans started performing also in northern cities of America. So this dance style was the consequence of three hundred years exchanging musical, social and cultural aspects.

Tap dance didn't become a stage dance until the rise of minstrel shows. Thomas Dartmouth was a white tap dancer who used to perform with blackened face everywhere in America so people named him "father of ministry" because he redeveloped this style with "minstrel shows", he also started culture of jigging, shuffle, limping and ending up the rhythm with jumping. Even black tap dancers embraced this culture in their dance, they also started painting their face black while dancing.

For long time this dance remained only as a social dance of these African and Irish slaves, they were not allowed to perform on stage as black people were not considered equal to white in American culture. In fact before the end of the civil war black and white performers were not even allowed to appear on stage together. While the time of slavery they people were not even allowed to follow their own culture so they mixed all their cultures and used it only to entertain. For decades it was not even considered as an art but after civil war many black or mixed minstrel founded and the popularity of minstrel shows testifies the increasing interest in black culture in US.

In 1902 the term "tap" came into existence, before that this dance was known as "buck and wing" ,"buck dancing" or "flat footed dancing". Till 1920 wooden sole shoe (buck & wing) and soft shoe (lather sole style) remained in tap

dance culture but metal plates brought a revolutionary change.

From 1930s movies gave this dance a new way. Fred astaire with his tap dance films Gray divorcee – 1934 and Tap hot – 1935 did show amazing performances which were full of stunts. From 1920 to 1930 black tap dancers started making it more creative and with dangerous stunts. They used to jump from even ten feet without stopping tap and tapping on stairs also became favorite of dancers from this time period. Harold and Fayard Nicholas were most famous dancers of this time who invented flash technique. 1950 to 1980 classical ballet attracted more to viewers and tap dancing started to lose it's charm but in 1980's tap dancers revived this dancing by giving big hits in cinemas. Media has played a big role for tap dancing to gain more fame and to establish in dance world.

whillium henry lane, Bill bojangles robinson, Nicholas brothers, Ann miller, Fred astair, Gene kelly, Ginger rogers, Donald o conor, Gregory hines are the famous tap dancers of all time. For long time tap dance was considered as a man's game there is long list of male tap dancers, participation of female dancers was less but vera allen, Rubby keeler, Jeni legon, Ann miller, Aleanor powell, jane powell, Shirley temple were few female tap dancers who appeared in films and became tap dancing stars.

Music - most of time jazz musicians accompany a tap dancer with different instruments like piano, guitar, bass, trumpet, saxophone, trombone, drums and vibes. But a tap dancer can perform solo by creating musical sound through tapping his shoes as each part of shoe makes a particular sound and beat so the dance is music in itself.

Expression and costume - This dance style developed in hard times of slaves and it was a seek of happiness so the theme and expression most of the time is based on humor, fun, comedy and happiness. Costumes option does not have a wide range so generally dancers wear formal attire but there is freedom for a dancer to wear a costume of his/her choice.tap dance has become a famous dance style worldwide and has special existence in dance world, in 1989 president george bush signed in to law the national tap dance day in united states on birthday of renowned tap dancer Bill Bojangles robinson so now people celebrate national tap dance day on 25 may .

References

1. Craine , debra, Mackrell, Judith, (2000), Oxford dictionary of dance first edition oxford university press, page 467
2. Knowles, mark, (2002), Tap roots : the early history of tap dancing, Mc farland and company;inc. publishers box 611 lefferson, north Carolina 28640
3. Ormonde, Jimmy, (1931), Tap dancing at a glance, Applewood books Bedford, massachusetis.

4. Hill, constance valis, (2009),Tap dancing America a cultural history, Oxford university press inc. 198 madison avenue, new York 10016.

5. Rees heather, (2003), Tap dancing : rhythm in their feet, the croswood press ltd. Ramsbury, Marlborough Wiltshire sn82hr

6. Claude J. Summers ed., (2004)The queer encyclopedia of music, dance and musical theater, First edition, cleis press inc. P.O. box 14697, San Francisco, California 94114

अब्दुर्रहमान चुगताई की कला और बंगाल चित्र शैली का पारस्परिक सम्बन्ध : 'एक अध्ययन'

डा० नाज़िमा इरफान
प्रवक्ता, चित्रकला विभाग
आर०जी०पी०जी० कॉलेज, मेरठ।

उन्नीसवीं शताब्दी तक समयानुसार मान्य कला शैलियों के माध्यम से भारतीय चित्रकला की परम्परा विभिन्न रूपों में विकसित होती रही थी। किन्तु मुगल कला, राजधानी चित्र– शैली और पहाड़ी कला परम्परा के पश्चात् भारतीय कला के सहज क्रम में गतिरोध सा उत्पन्न हो गया था। अनिश्चित राजनैतिक, सामाजिक परिस्थितियों ने नवीन संघर्षों को जन्म दिया। अंगेजों ने जिस प्रकार भारत में सामाजिक व वर्गीय विषयता उत्पन्न करने की चेष्टा की थी। उसी प्रकार कला क्षेत्र में भी उन्होने यही नीति अपनायी। एक ओर भारतीय परम्परागत शैलियों का समूल नष्ट करने का प्रयास किया गया तो दूसरी ओर कलकत्ता, बम्बई, मद्रास व लाहौर में कला विद्यालयों में यूरोपीय पद्धति का सूत्रपात था। राष्ट्रपति जागृति से भारतीय कला की अवरुद्ध धारा सर्वधा नवीन पथ पर अग्रसर हाती गई और इस नवीन युग के प्रणेता बने अवनीन्द्रनाथ ठाकुर, ई०बी० हैवेल और डा० आनन्द कुमार स्वामी आदि। अवनीन्द्रनाथ के कला के विषय में अपने विचार हैं।

कला की इस नवीन शैली को बंगाल स्कूल का नाम दिया गया क्योंकि सौन्दर्य शास्त्र की उन्नति या विकास एसथैटिक सर्वप्रथम बंगाल से ही शुरू हुआ। बंगाल स्कूल शब्द न तो जातिय विकास से सम्बन्धित हैं और न ही समय काल से सम्बन्धित है। यह शब्द तो केवल शैली से अर्थ रखता है। बंगाल की अपनी एक ऐतिहासिक महत्ता है। क्योंकि यह अंग्रेजी ताकत की पहली जगह थी। वारेन हेसिटंग्ज के समय में कलकत्ता अंग्रेज साम्राज्य की राजधानी थी। यह एक धन धान्य से पूर्ण शहर था। उस समय यहाँ अध्ययन की सभी सुविधायें उपलब्ध थी। बडे–बडे पदों के लोग वहाँ अपना घर बनाकर रहते थे।

समयानुसार बंगाल के कुछ प्रतिभाशाली कलाकारों का एक समूह अवनीन्द्र–नाथ ठाकुर के शिष्यत्व में भारतीय कला की गम्भीर साधना में प्रवृत्त हुआ। प्रथम कार्य अवनीन्द्रनाथ टैगोर ने यूरोपीय अध्याय की पद्यति का बहिष्कार किया। इनके शिष्यों में देवी प्रसाद राय चौधरी, क्षितिन्द्रनाथ मजूमदार, कनु देसाई, असित कुमार हालदार, शरदाचरण उकील, नन्दलाल बसु, कुलुलचन्द डे, के, वेंकाटप्पा आदि बहुत से कलाकार थे। इन्हीं कलाकारों के साथ ही हमें लाहौर के कलाकार अब्दुर्रहमान चुगताई का उल्लेख भी मिलता है, जो भारतीय कला के पुनरूत्थान काल में अपना अलग महत्वपूर्ण स्थान रखते है।

चगुताई का जन्म लाहौर में हुआ था। गहन धार्मिक आस्था वाले मुस्लिम परिवार के अनुसार ही आपकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा हुई। आपके परिवार ने पीढ़ी दर पीढ़ी कला के विभिन्न रूपों में सेवा की थी। मुगल काल से ही आपके परिवार जन मुख्य भवन शिल्पी व वास्तुकार रहे थे और लाहौर व देहली के ऐतिहासिक भवनों के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

जिस प्रवाह, जिस कला शैली और मूलभूत धारणाओं को लेकर बंगाल स्कूल विकसित हो रहा था, चुगताई उससे भिन्न एक नई दिशा की ओर अग्रसर थे। उन्होने कला की किसी विशेष परिपाटी को जन्म नही दिया। न ही उनके चित्रों के मूल में कोई पूर्व निर्धारित योजना अथवा सीखी हुई दक्षता ही थी, तथापि अन्तः में संजोई अति मानवीय सौन्दर्य बोध पूरक कला क्षमता, चिंतन और रंग एंव रेखाओं के सामजस्यपूर्ण संघात ने विरासत में पाये संस्कारों के अनुरूप फारसी सौन्दर्य और कुछ मूल तत्वों को एक नया भव्य रूप प्रदान किया, जो आपको तत्कालीन कलाकारों से पृथक एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करता है।

आपने भारतीय पुनरूत्थान काल की कला में महत्वपूर्ण योगदान दिया, परन्तु न तो उनका अवनीन्द्रनाथ के साथ गुरू चेले का सम्बन्ध और न ही बंगाल स्कूल के कलाकारों की भाँति वह नियमित रूप से इस धरा से नही जुडे, बल्कि स्वयं अपने संघर्ष से आलोचकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हुए। अब्दुर्रहमान चुगताई की कला को इस्लामी कला का नाम दिया गया और यहाँ तक की चुगताई को इस्लामी कला का रेम्ब्रा का दर्जा दिया गया। लंदन की पत्रिका "द टाइम्स" 1976 में डा० जेम्स डिकिन्सन द्वारा लिखे गये एक लेख द्वारा आपको ये दर्जा प्राप्त हुआ।

तत्कालीन राजनैतिक, सामाजिक परिस्थितियों के कारण चुगताई की कला के कुछ मूलभूत अन्तर उन्हें समकालीन कलाकारों से अलग करते है। चुगताई ने न केवल अपने विषय व माध्यम भारतीय रखे बल्कि काव्य पर चित्र रचना करने की भारतीय परम्परा को जो राजस्थानी, मुगल व पहाडी शैली में चली आ रही थी परन्तु अब समाप्त प्रायः थी को फिर से पुर्नजीवन दिया। इस ओर अब्दुर्रहमान चुगताई का पहला प्रयास ख्य्याम की शायरी पर

चित्र रचना था। इस प्रयास की पूर्णता पहले उमर ख्यय्याम और फिर इकबाल के काव्य पर की गई चित्र रचना से मिलता है। गालिब की शायरी पर भी आपने चित्र रचना की। जिसके दो संग्रह प्रकाशित हो चुके है। पहला मुरक्का–पे–चुगताई और दूसरा नक्श–ए–चुगताई। ये दोनो चित्र संग्रह गालिब की शायरी के साथ प्रकाशित हुये है। इकबाल की शायरी पर चित्रित चित्रों का संग्रह अम्ल–ए–चुगताई के नाम से प्रकाशित है। जिसकी एक प्रति माडर्न आर्ट गैलरी जयपुर हाऊस दिल्ली की लाइब्रेरी में सुरक्षित है।

चुगताई की कला रेखा प्रधान रही है और इस क्षेत्र में अपनी निपुणता के कारण ही आपने अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की। कुछ और समकालीन कलाकारों जैसे कनु देसाई, क्षितिन्द्रनाथ मजूमदार आदि का कार्य भी लगभग इसी प्रकार का रहा परन्तु एक ही माध्यम होते हुए भी चुगताई की निपुणता और सतत् प्रयत्न अलग ही दिखाई पड़ता है। आरम्भ में उन्हें समकालीन कलाकारों का विरोध भी सहना पडा था। 1920 ई0 में लाहौर में आपके चित्रों की पहली प्रदर्शनी हुई। इससे आपको राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता मिलने लगी।

बंगाल स्कूल के कलाकारों का प्रेरणा स्त्रोत रही – मुगल, राजस्थानी व यूरोपीय प्रभावी युक्त मिश्रित शैली। परन्तु अब्दुर्रहमान चुगताई की प्रेरणा स्त्रोत थी, फारसी शैली, जो मुगल व पहाडी शैली का मुख्य उद्गम स्त्रोत थी। चुगताई ने मूल स्त्रोत से प्रेरणा ग्रहण करने का प्रयास किया न कि द्वितीय स्त्रोत से। इसका प्रमाण उसके चित्रों में मिश्रित छोटे पौधों से लेकर कपडों की फरहान तक में मिलता है। रंगों में भी इसी शैली का प्रभाव है। आकृतियों में लयात्मकता, गीत माधुर्य, सौन्दर्य व कोमलता मूर्त रूप से प्रकट होती हैं। चुगताई के चित्रों में सामजस्य पूर्ण रूप से दृष्टिगत होता हैं, जो चित्रकला के सिद्धान्तों में मुख्य भूमिका निभाती है।

अब्दुर्रहमान चुगताई का बंगाल स्कूल से व बंगाल स्कूल के कलाकारों से कोई सम्पर्क नही था। बंगाल स्कूल के समकालीन होने के कारण शायद विद्वानों और आलोचकों ने उन्हें बंगाल स्कूल का कलाकार माना हैं। इनकी तकनीक बंगाल स्कूल के कलाकारों से मेल खाती है अर्थात् अब्दुर्रहमान चुगताई भी वाश पद्धति से चित्रण का कार्य करते थे। इसी कारण से आपको बंगाल स्कूल से जोड़ा जाता है। चुगताई ने न तो बंगाल में कभी कला का अ ध्ययन ही किया है और न ही आप कभी बंगाल कला के उद्देश्य से ही गये थे। अब्दुर्रहमान चुगताई के पुत्र आरिफ रहमान चगुताई के अनुसार चगुताई को बंगाल स्कूल का कलाकार नही कहा जा सकता है।

मेयों स्कूल ऑफ आर्ट्स के अनुसार अब्दुर्रहमान चुगताई का सम्बन्ध लीथो आर्ट के विभाग से था। अतः आर्ट स्कूल के प्रिन्सिपल ने तथा वाइस प्रिंसिपल शेर मुहम्मद ने मिलकर यह तय किया कि अब्दुर्रहमान चुगताई इस साल गर्मियों की छुट्टियों में कलकत्ता जायेगें और कलकत्ता के गवरमेन्ट प्रैस में जाकर तकनीकी जानकारी और वहाँ के बारे में जान पहचान करेंगें। अतः सन् 1916 ई0 की छुट्टियों में वह अब्दुर्रहमान चुगताई कलकत्ता गये। इसी समय में आपने रविन्द्रनाथ टैगोर, गगेन्द्रनाथ टैगोर, नन्दलाल बोस और अन्य कलाकारों से व्यक्तिगत साक्षात्कार किया और साथ ही साथ अपना काम भी जारी रखा।

कलकत्ता में अब्दुर्रहमान चुगताई उस्ताद हुसैन बख्श के पास ठहरे जो एक प्रसिद्ध चित्रकार थे। उस समय स्टेज पर नाटक होते थे और आगा हश्र इन नाटकों को करवाते थे। हुसैन बख्श इन्हीं के नाटकों के लिए स्टेज तैयार करवाते थे। उस्ताद मुहम्मद दीन, उस्ताद ठाकुर सिंह और अन्य कलाकार भी हुसैन बख्श के साथ कार्य करते थे। अब्दुर्रहमान चुगताई को इन लोगों से मिलने से काफी बहुत फायदा हुआ, उस्ताद शेद मुहम्मद और उस्ताद हुसैन बख्श एक ही उम्र के थे, और दोनो को बहुत बड़े कलाकार माना जाता था।

कलकत्ता में अब्दुर्रहमान चुगताई ने कलाकारों को जिस तरीके से काम करते देखा उस बात ने उन पर बहुत असर छोडा और कला की ओर उनका झुकाव अधिक हो गया। कलकत्ता से आने के बाद चुगताई ने कलकत्ता की एक अंगेजी पत्रिका माडर्न रिव्यू जो उस समय की एक प्रसिद्ध पत्रिका थी, के सम्पादक रामानन्द चटर्जी को अपनी पेंटिंग छपने के लिये भेजी और इस तस्वीर पर लिख दिया था "ये तस्वीर खान साहब मियां गुलाम रसूल, डिप्टी सुपरिटैन्डैन्ट पुलिस लाहौर के मजमुऐ इरसाल करते है। अतः यह रंगीन तस्वीर इसी नाम और विवरण के साथ माडर्न रिव्यू 1917 में छपी, जिसका पारिश्रमिक 25/– रूपये कलाकार को मिला। और इस के अलावा उस पत्रिका की पाँच प्रतियाँ भी कलाकार को मिली। यह चित्र जनता में बहुत प्रसिद्ध हुआ। एक कारण यह भी था कि उस समय "माडर्न रिव्यू" पत्रिका न सिर्फ हिन्दुस्तान में बल्कि हिन्दुस्तान से बाहर भी हर किस्म के लोगों में एक प्रसिद्ध पत्रिका थी। अतः जब माडर्न रिव्यू के बाद के संस्करणों में 1917–1918 के फरवरी और सितम्बर तथा 1919 में सितम्बर के संस्करण में चुगताई के अन्य चित्र भी छपे, तो चुगताई को एक कलाकार की हैसियत से स्वीकार कर लिया गया। हिन्दुस्तान और अधिकतर बंगाल में ये सारे चित्र बहुत ही प्रसिद्ध हुए थे, और बाद में रामानन्द चटर्जी ने इन चित्रों की एलबम को कई हिस्सों में छापा जो चटर्जीज के नाम से विख्यात है।

कुछ और समानतायें जो चुगताई और बंगाल स्कूल के कलाकारों को जोडती है, उनमें बंगाल शैली के चित्रों में अजन्ता के चित्रों की आत्मा का दर्शन होता है। जो कोमल, लयात्मक तथा गतिपूर्ण रेखायें अजन्ता के चित्रों में बनी हैं, उन्हीं का समावेश बंगाल के चित्रों में करने का प्रयास किया गया है। तथा यही कोमलता लयात्मकता व गतिपूर्ण रेखायें हमें चुगताई के चित्रों में भी देखने को मिलती है। दोनो अर्थात् बंगाल स्कूल के कलाकारों तथा चुगताई के चित्र सरल तथा स्पष्ट है। कहीं भी कठोरता का पुट नही है। दोनो की ही रंग योजना बहुत आकर्षक है, कहीं भी चटख या भडकीलें रंगों का प्रयोग नही किया गया है, तथा वातावरण में रंगों का सामजस्य स्थापित करने के लिए "वाश तकनीक" का प्रयोग किया गया है। दोनो की ही शैलियों में मुगल तथा राजस्थानी शैलियों का पुट भी दृष्टिगोचर होता है। छाया प्रकाश बहुत ही कोमलता के साथ दिखाया गया है। कहीं भी अखरने वाला

विरोधाभास रंगों में नही है। चुगताई की शैली में मुगल तथा राजस्थानी शैलियों के प्रभाव के साथ–साथ ईरानी, फारसी तथा जापानी शैलियों भी दृष्टिगत होती है। शरीर रचना के नियमों में दोनो ने ही प्राचीन सामान्य पात्र विधान का पालन किया है। प्रायः प्राचीन, ऐतिहासिक, पौराणिक एवं साहित्यिक विषयों का चित्रण किया गया है तथा समसायिक भारतीय घरेलु जीवन के भी चित्र बनाये गये है। किन्तु तत्कालीन राजनीतिक वातावरण का दोनो ही की चित्रकला पर तनिक भी प्रभाव नही पडा है।

अब्दुर्रहमान चुगताई ने फारसी तथा भारतीय शैलियों के मिश्रण से अपनी सर्वथा नवीन और मौलिक शैली की सृष्टि की है। आपकी रचनाओं की प्रायः सभी ने प्रशंसा की है। चुगताई की कला रेखा प्रधान है। आपके चित्रों में आकृतियाँ कलात्मक तथा अलंकारिक है तथा रचनाओं में कलात्मकता के साथ–साथ उच्च कोटि की भावुकता भी है। भारतीय तथा इस्लामी दोनो प्रकार की रचनाओं में चुगताई को समान सफलता मिली है। माधुर्य आपके चित्रों का विशेष गुण है। बंगाल स्कूल के कलाकारों तथा अब्दुर्रहमान चुगताई दोनो ही ने भारतीय शैली और परम्परा का अनुकरण करते हुए अपनी कल्पना को स्वतन्त्र विकास देने में बहुत सफलता पाई। बीसवीं शताब्दी के कलाकारों ने भारतीय कला परम्परा के पुर्नजागरण की प्रेरणा के लिए अजन्ता के मनोहारी चित्रों को अपनाया। कुछ अन्य कलाकारों ने मुगल और बाद में राजपूत तथा पहाडी लघु चित्रों को अपना आदर्श बनाया। पृष्ठभूमि का यथावत् चित्रण, यथार्थ के सादृश्य पर जोर आदि पाश्चात्य चित्रण की विशेषताओं को त्याग दिया गया। पौराणिक और अन्य उच्च कोटि के साहित्य जैसे रामायण, महाभारत, गीता, पुराण, कालीदास और उमर खय्याम की रूबाइयों, गालिब, इकबाल के काव्य तथा भारतीय इतिहास की स्मरणीय घटनाओं आदि सभी स्त्रोतों से आदर्शमूलक विषयों को चुनकर कलाकारों ने उनमें अपनी कल्पना शक्ति द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की। रेखाओं के सौन्दर्य और अतीत की कला परम्परा की शक्तिमत्ता पर सब से अधिक बल दिया गया। प्रत्यक्ष विवरण, डिजाइन की सुकुमारता और इन से अधिक एक अन्तनिहित मूल काव्यात्मक भाव– भंगिमा के कारण इन चित्रों को एक विशेष सौन्दर्य मिला। ये चित्रण लय और प्रेरणा से युक्त है और पाश्चात्य सादृश्य मूलक शैली से बहुत भिन्न हैं। इस शताब्दी के कलाकारों का मुख्य उद्देश्य पूर्वी परम्परा का पुनरूद्धार था। परन्तु उक्त उद्देश्य का ध्यान रखते हुए भी कलाकार अपनी वैयक्तिक के विकास के प्रति उदासीन ने थे।

इन सब के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि अब्दुर्रहमान का बंगाल स्कूल से कोई सम्बन्ध नही था। केवल समकालीन होने के कारण तथा तकनीक व चित्रण कार्य में समानता होने के कारण आपको बंगाल स्कूल का कलाकार माना जाता है। बंगाल स्कूल के कलाकारों के चित्रों के साथ ही चुगताई के चित्रों का छपना केवल आपके समकालीन होने के कारण से है।

संगीत से प्रभावित युवा पीढ़ी

डॉ० अलका शर्मा
विभागाध्यक्षा
आर०जी० पी०जी० कॉलिज, मेरठ

प्रियंका रस्तौगी
शोध कर्त्री
संगीत विभाग
आर०जी० पी०जी० कॉलेज, मेरठ

बच्चे राष्ट्र के भावी निर्माता है। किसी भी राष्ट्र और समाज की नींव हमारी आज की पीढ़ी या ये बालक ही है, और बच्चों के मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक क्षमताओं का स्वस्थ रूप से विकास तभी संभव है जब उनका पालन–पोषण, शिक्षा–दीक्षा सही रूप से हो, क्योंकि हमारी युवा पीढ़ी की दिनोदिन उन्नति के साथ ही भविष्य में राष्ट्र की उन्नति निर्भर करती है।

समस्त प्राणियों के जन्म से ही कुछ विशेष प्रकार की मूल प्रवृत्तियाँ पाई जाती है। मनुष्य जिनके आधीन होकर ही वह अपने समस्त कार्यों को पूरा करता है और शिक्षा इसमें अहम भूमिका निभाती है। शिक्षा मनुष्य की सर्वांगीण उन्नति का एक ऐसा आधार है जो उसके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास करती है।

अतः बच्चे ही हमारे राष्ट्र के निर्माता है और बच्चों के सर्वांगीण विकास में संगीत कला एक सशक्त माध्यम है।

संगीत एक सम्मोहन विद्या है जिसमें मंत्रमुग्ध हो मनुष्य आत्मलीन हो जाता है, तो फिर एक अबोध बालक इन स्वरों के सहज नाद से कैसे बच सकता है। अधिकतर ऐसा देखा भी गया है कि एक अबोध शिशु को माँ जब लोरी गाकर सुलाती है, तब यह उन स्वरों को समझता तो नहीं है पर इन स्वरों से होने वाले मधुर आनन्द में मग्न होकर वह सो जाता हैं। धीरे–धीरे बच्चा जब बढ़ता है तो माँ सांगीतिक क्रियाओं के द्वारा ही उसके साथ सामन्जस्य बनाती है। संगीत प्रेम का पहला सोपान है। हिन्दी साहित्य के महान लेखक मुंशी प्रेमचन्द जी ने संगीत के प्रभाव को कितने सरल व सुन्दर शब्दों में कहा है 'मनोव्यथा जब अधिक असहाय और अपार हो जाती है और जब उसे कही चैन नहीं मिलता जब वह रूदन व क्रन्दन की गोद में भी आश्रय नहीं पाती है तब वह मानव संगीत के चरणों में ही जा गिरती है।'

आज का समय भाग–दौड़ भरे जीवन से भरा है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में बच्चों पर औपचारिक शिक्षा का बोझ बहुत ज्यादा है। छोटे–छोटे बच्चे आज खुद से ज्यादा वजन का बैग अपने कंधों पर ढोते है और स्कूल में अनेक विषयों की किताबों को लगातार पढ़ते–पढ़ते अध्यापिका का निर्देश सुनकर व लिखते–लिखते वह नीरसता का आभास करते है। ऐसे में विद्यालय में यदि बाल संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए तो वह बच्चों के लिये उपयोगी सिद्ध होगा जिससे उनकी मानसिक व शारीरिक थकान दूर होगी। वैसे भी आजकल के बच्चे इतने तेज और मानसिक व शारीरिक रूप से इतने दक्ष होते है कि उन्हें थोड़ा निर्देशन मिलने पर भी वह बहुत कुछ कर जाते हैं।

आज केबिल टी०वी० पर प्रसारित अनेक सांगीतिक कार्यक्रम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जी०टी०वी० पर प्रसारित 'लिटिल चैम्पस' जिसमें छोटे–छोटे बच्चों की गायकी ने बड़े–बड़े उस्तादों को अचम्भित कर दिया। इसके अतिरिक्त 'डॉस इंडिया डॉस' के माध्यम से बच्चों ने संगीत और डांस में अपनी प्रवीणता दिखाई। आजकल प्रसारित कार्यक्रम 'इंडिया गोट टेलेन्ट' में मात्र तीन साल के बच्चे ने ड्रम बजाया जिसमें उसने बीट्स बदल–बदल कर प्रस्तुति दी।

उसकी इस प्रतिभा को देखकर जज भी अचंम्भित थे। अतः यह उस बच्चे को ईश्वर का दिया ज्ञान है। उसने संगीत सीखा नहीं, वह तो ठीक से बोलना भी नहीं जानता है पर संगीत के स्वरों से उसका नाता जन्म से ही है।

संगीत शिक्षण से बच्चों में साधना शक्ति व संयम पल्लवित होता है। बच्चों के अपरिपक्व मस्तिष्क एवं कोमल हृदय में संगीत के द्वारा किसी भी कठिन से कठिन विषय को सरलता से अंकित किया जा सकता है। यह एक ऐसी कला है जो प्रत्येक व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित करती है और विशेष रूप से संगीत के स्वरों का जादू अव्यस्कों को अपनी ओर आकर्षित करने की अद्भूत क्षमता रखता है। संगीत के द्वारा व्यायाम बच्चों के विकास में सहायक है। आजकल 'एरोबिक्स' डांस ऐसा होता है जिसे संगीत के द्वारा किया जाता है।

संगीत मस्तिष्क के साथ–साथ सारे शरीर के लिये उपयोगी है जैसे गायन के द्वारा कण्ठ, फेफड़े तथा शिराओं को, वादन के द्वारा अंगुलियों व बाहों का व नृत्य के द्वारा सारे शरीर को ऊर्जा मिलती हैं। बच्चों में कुछ न कुछ करने की प्रवृत्ति रहती है। अधिकतर देखा गया है कि बच्चे थोड़े समय के लिये भी आराम से नहीं बैठते हैं। उनके मन में कुछ न कुछ चलता रहता है। उनके इस गुण को यदि सही दिशा दी जाये तो वह अनेक प्रकार के सृजनात्मक कार्य सीख लेते हैं। आधुनिक गानों द्वारा बच्चे बहुत ही आन्नदित होते हैं या

किसी वाद्य पर (हारमोनियम या कैसियो) एक छोटी स्वर रचना के साथ खेलना, बच्चों का हमेशा ही मेढ़क ही तरह उछलना, कूदकर, पक्षियों की तरह अभिनय करना उनके लिये बड़ा ही रूचिकर होता है। बच्चे नृत्य व अभिनय को आन्नदपूर्वक करते है। कभी– कभी सुन्दर स्वर रचना सुनते ही बालक उत्साहित होकर स्फूर्ति लेकर स्वतः अभिनय करते, नाचते व कूदते है और यही क्रियायें बच्चों में संगीत के प्रति रूचि पैदा करती है। संगीत सामान्य बालकों में ही नहीं अपितु असामान्य बालकों के मानसिक व शारीरिक विकास में सहायक है। संगीत के द्वारा किये गये अनेक अनुसंधानों में इस तथ्य को सत्य एवं उत्कृष्ट प्रमाणित किया जा चुका है। विकलांग बच्चे जो कि किसी न किसी रूप में असमर्थ होते है उनके द्वारा की गई क्रियाओं में संगीत बहुत ही सहायक होता है। शारीरिक व मानसिक अभावों के कारण बच्चे स्वयं को समाज से अलग समझते है और उनमें हीन भावना जन्म ले जाती है। ऐसी स्थिति में संगीत उनमें आत्म–विश्वास एवं विकासमयी आशा की किरण प्रस्फुटित कर सकता है। जैसे जिन बच्चों की आंखों की रोशनी नहीं है, वह वाणी द्वारा ही सीख पाते है। यदि उन्हें गायन या वादन की शिक्षा दी जाये तो वह सहज ही सीख पाते है और उनमें आत्म सन्तुष्टि व आत्म विश्वास बढ़ता है तथा वह मानसिक कुठाओं से मुक्त होते हैं जो कि स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक है मूक–बधिर बच्चों पर डॉ0 शंकर लाल मिश्रा द्वारा किए गए प्रयोग की 'परिणामस्वरूप मूक–बधिर बालकों के लिये गायन एवं वादन सीखना तो निरर्थक ही है, लेकिन उन्हें डांस सिखाया जा सकता है। अध्यापक के द्वारा हाथ से ताल देने पर व वादक के चलन की सहायता से मूक–बधिर बच्चे लय का ज्ञान कर लेते है।

अतः बच्चे तो कच्ची मिट्टी की भांति होते है जिन्हें हम जिस दिशा में ढालेंगें वो उसी दिशा में जायेंगें। गायन एवं वादन में स्वर, लय, व ताल बद्धता से ही गीत की धुनों की आवृत्तियों में नियमबद्धता, नृत्य के विभिन्न चरणों की क्रमबद्धता आदि के अनुशासनात्मक गुण बच्चों में संगीत की शिक्षा के द्वारा अद्भूत परिणाम देखे गये हैं। बच्चों का मन कोमल होता है और संगीत के स्वर उनके मन को अनयास ही छू लेते हैं।

तो क्यों ना हम आज के राष्ट्र निर्माणक–युवा पीढ़ी व बढ़ती उम्र के बच्चों को संगीत द्वारा अग्रसर कर मार्गदर्शन करने में सहयोग दें।

कला का प्राण 'रंग'

डॉ० पूनम लता सिंह
प्रवक्ता चित्रकला विभाग,
रघुनाथ गर्ल्स पी0जी0 कॉलिज, मेरठ।

जीवन हो, कला हो, यदि रंग को उसका प्राण कहा जाये तो कोई अतिश्योक्ति नही होगी, यदि हम अपने चारों तरफ दृष्टिपात करें तो बिना रंगों की दुनिया की हम कल्पना भी नही कर सकते रंगों के प्रति हमारी आसक्ति शैशवावस्था से ही होती है तीन–चार माह की उम्र का शिशु भी तेज रंग बिरंगी वस्तुओं की ओर आकृष्ट होता है। रंगों में एक विचित्र प्रकार का आकर्षण होता है जो मानवीय संवेदनाओं को जागृत करता है। हमारी आँख में स्थित तंतुग्रन्थियाँ रोड्स व कोन्स रंगों को देखने में सहायता प्रदान करती है। रंग प्रकाश का गुण है कोई स्थूल वस्तु नहीं, यदि प्रकाश का अभाव हो और अन्धकार की स्थिति हो तो कोई वर्ण होता नही होता दिखाई पडता है उसमें हर वस्तु सिर्फ काली ही दिखाई देती है प्रकाश की अवस्था में ही रंगों का अस्तित्व है प्रभाव वादी कलाकारों ने अनुभव किया है कि प्रकाश के अनुसार बदल जाते है। एक ही वस्तु दिन के समय प्रकाश की अवस्थाओं के साथ भिन्न–भिन्न रंगत की दिखाई पडती है। वर्ण के महत्व को किसी भी युग में कलाकर नकार नही पायें। आदिमानव चौक, खडिया आदि से अपनी भावाभिव्यक्ति करता था उसके पश्चात् शैनेः–शैनेः विकास की यात्रा में वर्ण पद्धति का भी विकास होता ही गया। खनिजों एवं प्राकृतिक वस्तुओं द्वारा घोट–घोटकर रंग बनाने की प्रक्रिया का स्थान आज आधुनिक युग में बहुत आसानी से उपलब्ध तैयार रेडीमेट रंगों ने ले लिया। यही नहीं विदेशी कलाकारों द्वारा विकसित रंग तकनीकों को भी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है। आइक बन्धुओं द्वारा विकसित किये गये तैल रंग आज पूरे विश्व के कलाकारों द्वारा प्रयुक्त किये गये जा रहे हैं। साथ ही जापान की वाटरकलर पद्धति भी कलाकारों को प्रिय है गीले रंग, सूखे रंग टैम्परा, मोम, पेस्टल आदि अनेकानेक प्रकार के रंगों से बाजार भरा पडा है। आज कलाकार अपनी इच्छा, रूचि एवं सुगमता के हिसाब से रंगों का चयन कर रहे हैं और अपनी कृतियाँ सृजित कर रहे हैं।

हमारे यहाँ लोक कलाकार चटकीले शोख रंगों का प्रयोग अपनी कला में करते आये हैं और उनकी छटा देखते ही बनती हैं। वे आसपास में सहज उपलब्ध वस्तुओं से प्राप्त रंगों को अपनी कल में प्रयुक्त करते हैं किन्हीं वैज्ञानिक नियम–कायदों में बँधे हुए नही रहते। यूँ तो हमारे यहाँ के प्राचीन शिल्पशास्त्रों में रंगों के विषय में व्यापक रूप से वर्णित किया गया है। 'विष्णु धर्मोत्तर पुराण' में पाँच मूल रंगों के विषय में कहा गया है– सफेद, पीला, हरा, काला एवं नीला। नाट्यशास्त्र में भी चार वर्णों का ही उल्लेख किया गया है– श्वेत, नील, रक्त एवं पीत। 'अभिलाषितार्थ चिन्तामणि' में श्वेत, रक्त, कृष्ण और पीत का वर्णन किया गया है, साथ ही उसमें वर्णों के मिश्रण के विषय में भी उल्लेख किया गया है – 'मिश्रान वर्णन तो वक्ष्थ संयोग संभावन' यही नही शिल्परत्न, मानसोल्लास आदि अनेकानेक ग्रन्थों में वर्ण से संबंधित व्यापक सामग्री प्राप्त होती है जिनमें रंग निर्माण एवं उनके प्रकारों पर सविस्तार चर्चा की गई है। भारतीय चित्र षडंग में भी वर्ण को ही चित्र का प्राण माना गया है।

आधुनिक विद्वानों ने भी वर्ण पर अपने विचार व्यक्त किये हैं। प्रसिद्ध विद्वान न्यूटन ने ही यह खोज की, कि वर्ण प्रकाश का गुण है। चित्रकला में वर्ण नियोजन व वर्ण संगति के विषय में व्यापक वर्णन किया गया है। प्रसिद्ध विद्वान ओस्टवॉल्ड ने अपना एक वर्ण निर्मित किया जिसमें उन्होने चार मुख्य वर्णों को मान्यता दी उन्होने लाल, पीले, नीले व हरे रंग का वर्ण निर्मित किया। किन्तु सबसे अधिक मान्यता प्रांग नामक विद्वान के वर्णचक्र को मिली। उन्होने तीनों मुख्य वर्ण माने–लाल, नीला और पीला तथा उनके मिश्रण से बनने वाली द्वितीया रंगते कहलाई। अधिकांश कलाकारों ने उनके वर्णचक्र को स्वीकार किया।

रंगों के विषय मे गणित जैसा कोई नियम तो नही बनाया जा सकता, परन्तु इसकी योजना में कलाकार की रूचि, कार्यकुशलता और परिवेश की मुख्य भूमिका होती है। विषय चयन भी रंग योजना के महत्व को प्रभावित करता है। आज हम समकालीन कलाकारों को देखते हैं तो पाते हैं कि हर कोई अपनी अलग तकनीक लेकर कार्य कर रहा है सबके माध्यम अलग है और रंगों का चयन भी सबका अपना स्वयं का ही है भारत की आधुनिक कला के पिता कहे जाने वाले गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर ने अपने चित्रों में काली स्याही को प्रमुखता दी। फूल पत्ती हो या मानवाकृतियाँ उन्होंने सभी को अपनी स्याही से सृजित किया और माध्यमों में भी उन्होंने कला सर्जना की, परन्तु उनकी रंग संगतियों में सदैव एक गूढ़ रहस्यमयता दृष्टिगोचर होती है। कला पर कलाकारों के परिवेश का प्रभाव सदैव दृष्टिगोचर होता है उनकी अभिरूचियाँ भी उसी के साथ ही विकसित होती हैं। बाबू मोशाय के नाम से प्रसिद्ध अवनीन्द्रनाथ ठाकुर ने जापानी रंग तकनीक सीखी और फिर वॉश टैकनीक में जलरंग माध्यम से सैंकड़ों कलाकृतियों की सर्जना की। उनकी एक दूसरे में मिलती हुई रंगते एक बहुत ही सामजस्यपूर्ण रंग योजना बनाती थी। उन कृतियों में एक अनूठापन था। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् यूरोपीय कला का प्रभाव, अमूर्तन आदि

में कलाकारों की रूचि जागृत हुई और विदेशी वादों का कलाकारों ने अपने–अपने ढंग से अनुसरण कर अपनी कृतियाँ सृजित करना आरंभ किया, आज हम देखते हैं तो पाते है कि भारतीय कलाकारों की रंगों से खेलने की प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। कलाकार रंगों को गिराकर, फैलाकर कितने ही प्रकार से अमूर्तन की ओर बढ़ते जा रहे हैं और उसी में नित नवीन प्रयोग करके अपनी कृतियाँ सृजित कर रहे हैं। उनके चित्रों के विषय, आकार, रूप सब कुछ रंग ही है, संपूर्ण कृतियाँ वर्ण के आवरण में ही लिपटी रहती है। यहीं नही, यदि हम भारत के अर्न्तराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त चचकारों की ओर देखे तो भी हम पाते हैं कि रंगों का महत्व कभी उन्होंने नही नकारा अपने जीवन का एक लंबा अन्तराल विदेश में बिताकर भारत लौटे वरिष्ठ कलाकार श्री सैयद हैदर रजा साहब भी अपनी कृतियों में लाल, पीले, नीले यहाँ तक कि काले रंग का प्रयोग करते रहे है उन्होंने काले रंग से बिन्दु पर अनेकों कृतियाँ सृजित की उनकी अमूर्तकृतियों का पूरा सौन्दर्य उनकी रंग योजनाओं में ही परिलक्षित होता है। बडें कैनवास पर चमकदार लाल रंग का बिन्दु रजा की कृतियों की प्राण रहा हैं जो किसी की भी दृष्टि को अपनी ओर आकृष्ट करने में समर्थ है। इसी श्रृंखला में भारत के सबसे जाने माने कलाकार श्री मकबूल फिदा हुसैन साहब के चित्रों में रूपाकारों को एक नवीन परिभाषा दी उनके काम का एक विशिष्ट तत्व उनकी आकृतियों का पैटर्न है जो रंग योजना की सन्निधि से लेकर रंगतों, छायाप्रकाश क्षेत्रों में आये परिवर्तन के साथ बदलता रहा है। उनकी कृतियों में सदैव चटख रंगों का प्रयोग छाया प्रकाश के स्थान पर उन्होंने विरोधी रंगों के चौड़े तूलिकाघातों से अपनी कृतियों में एक विशेष प्रकार की दृढता उत्पन्न की है। उनकी कृतियों की अपनी एक गरिमा है इनकी रंगों में भी उनकी चित्र श्रृंखलाओं की जान है उन्होने अपनी कृतियों से भारतीय कला को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया है और भारत में वही एक ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने विश्व पटल पर स्वयं को स्थापित किया है भारत के प्रसिद्ध कलाकारों में गुलाम रसूल संतोष भी ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने तंत्रकला में कार्य किया। ज्यामितीय आकारों में उन्होंने प्रतीकों के रूप में रंगों का प्रयोग किया है। उन्होंने काले रंग को अंधेरे के प्रतीक के रूप में तथा पीले रंग को प्रकाश या ज्ञान का प्रतीक मानकर प्रयोग किया। उन्होंने चित्रों में परत दर परत रंग लगाकर एक विशेष प्रकार की आभा उत्पन्न की और उनके रंगों में एक परिपक्वता उत्पन्न की। उनकी कलाकृतियों में दृष्टि और मन दोनों की आवाज सुनाई देती है। तंत्रकला में उनकी प्रसिद्धि अतुलनीय है उनकी कृतियों के टैक्सचर और रंग ही आर्कषण का केन्द्र है। भारतीय कलाकारों में जहाँगीर, सबावाला, तैय्यब मेहता, गायतोण्डे, आदि अनेकानेक ऐसे कलाकार है जिनका चित्र संसार अत्यन्त आकर्षक एवं अतुलनीय है उनके चित्रों ने वैश्विक बाजार में अपना एक मुकाम हासिल किया है और बडे–बडे नीलाम घरों में उनकी कृतियों का विक्रय किया है।

सार रूप में, भारतीय कलाकारों ने अपनी कृतियों में सदैव रंग योजनाओं को लेकर संवेदनशीलता दिखाई है। और उन्होंने रंगों के मनोवैज्ञानिक प्रभावों को अपने दिमाग में रखते हुए उनका चयन किया है जिससे उनकी कला में एक विशिष्ट आयाम प्रस्तुत हुआ है। रंगों के प्रति मनुष्य की आसक्ति परमात्मा ने उसे जन्म से ही प्रदान की है। ईश्वर ने अपनी कृतियों में रंगों का अपार सौन्दर्य परिलक्षित किया है। चाहे पक्षी तितली या अनेकों जलचर हो। ईश्वर ने उनकी रचनाओं में रंगों का प्रयोग दिल खोलकर किया है। हम तो सब ईश्वर की प्रेरणा से प्रेरित होकर रंगों का चयन करते हैं और चित्र संसार की सर्जना करते हैं।

सन्दर्भ सूची :–

1. आधुनिक कला कोश –विनोद भारद्वाज।
2. भारत की समकालीन कला – एक परिप्रेक्ष्य – पी0एन0 मागो।
3. आधुनिक भारतीय चित्रकला – डा0 गिरजि किशोर अग्रवाल।
4. आधुनिक भारतीय कला – ज्योतिष जोशी।
5. कला और आधुनिक प्रवृत्तियाँ – रामचन्द्र शुक्ल।
6. समकालीन कला – राम विरंजन।

Role of Arts and crafts in Promotion of Indian tourism

Rana Sabyasachi
Assistant Professor, NBSIFF,
S.V. Subharti University, Meerut.

India is a land of very rich diversity. Various cultural, religious or languages have built up our country and bound each other in the inspirations of various different customs and beliefs, arts, way of life and the India's natural features from sandy deserts to tropical rainforest and Himalayan snows, is extremely huge, different types of its nature and every region has its own style and pattern of arts, culture and heritage that's attract the every people of the world.

India's large number of traditional and natural raw materials gradually to involve a dynamic development in art and craft, culture, which through its exciting and interesting ideas and also excellent workmanship, very rich art and craft heritage like earthen pot, bamboo works, brightly colorful wooden and earthen toys, stone carved various artifacts, metal works etc the most basic artifacts and traditions of village life is a spectacular array of arts and crafts, representing the wealth of our country. The folk arts of India are very ethnic, simple, yet colorful and vibrant enough to speak volumes about the country's rich heritage. The rich craft heritage of India is unique and diverse as its customs and traditions. Indian craft tradition has no parallel in the world, in diversity as well as in technique and use of materials. The craft traditions of India vary from region to region. These crafts not only cater to the day-to-day needs of the people but are also used for decorative and religious purposes.

Similarly a work of art is also identified by its locale or environment. In order to understand each we have to know something of the culture that produce them. We have to know something of the ideas and the people for whom these works were necessary and meaningful. Whether art is created for individuals or for the public it is created for an audience. It is true that art has not always found its appropriate audiences for there are flowers that bloom without being discovered and songs sung which have never been heard.

The vicissitudes of history and the tides of time have not robbed the enchanting diversity, rich landscape and beauty of Indian crafts. The aesthetics of India reflected through the crafts and its forms, shapes and its color palette are almost like the cuisines of India reflecting the great diversity and tastes. There are more than 23 million craftsmen engaged in different craft sectors and it is estimated that there are over 360 craft clusters in India. The multitude of hues and forms seen in the sandy's and the melas of India tell the stories of hundreds of crafts that belong to a vast country with 18 major and 1600 minor languages and dialects, 6 major religions, 6 major ethnic groups, 52 major tribes, 6400 castes and sub castes, 29 major festivals and over 1 billion people, 50 percent of them in rural areas, spread over coast lines, valleys, hills, mountains, deserts, backwaters, forests and even inhospitable terrain. Living culture and evolving crafts are required to preserve both culture and crafts.



Tourism has long been one of the leading sectors in the world economy and craft industry is the largest sector in India. The relationship between tourism and cultural heritage must be intimate and infinite, one of the primary benefits of developing a synergy between culture, arts and tourism is that it will help to create a more sustainable tourism product. It makes sense that when people coming from all around the world

there are so many advantages, when they come originally, they come specifically for our core offerings which are weather, water, nature, mountain, sandy beach etc. But after a while, they start looking for additional things and then those things are local man created. Visitors are most often interested in and engaged by what is distinctly local and authentic and the arts forge connections between people and their environments. Now people don't want to just stay in their smaller cities anyone. Now, they want to explore and excavate all the precious gems of arts and culture that have been growing in our own backyards with the help of enthusiast's visitors.

While the nature, sun, mountain, sand and sea component of tourism is certainly lucrative, it is also quite fragile, particularly in light of the geographical location of our country and thus, our resultant vulnerability to natural hazard like flood, storm etc. Such natural hazards often destroy our tourist spot and physical infrastructure. A prime example of this was the flood in Kashmir, Uttarakhand and heavy storm in the Southern part of Bay of Bengal in recent years. This resulted in the resort or tourist spot being closed for many years. As a consequence, there was significant reduction in revenue and employees were laid off for an extended period of time. By incorporating a viable cultural and art component, we can provide another avenue for tourism marketing to a different brand of tourist, who is more concerned with the cultural, ethnic, and artistic features as opposed to just our white mountain, sandy beaches. This will ensure that our tourism industry is not one dimensional in its structural disposition and will create employment and wealth opportunities for our people. Cultural tourism can embrace the full range of experiences that make a destination unique – its lifestyle, heritage, arts and people – and providing and interpreting that culture to visitors. According to the World Tourism Organization, cultural tourism accounts for 37 per cent of world travel and this is growing at the rate of 15 per cent a year.

This study uses the omnivorous–omnivorous theoretical framework of the arts marketing studies to identify relationships between the Role of Arts and crafts in Promotion of Tourism. Tourism and arts have become important industries as their products have been standardized and adapted to the masses. In turn, including the arts as part of the tourism offer can sharpen the destination image and extend the tourism season. To design and implement common marketing strategies is necessary to start finding relationships between art consumers and cultural tourists. Some studies have identified similar socio-economic structures and motivational drivers between art consumers and cultural tourists. Tourism destinations are built on things that give a place its own distinctive character and that separate it from other destinations. These factors are lifestyle, heritage, cultural activities, landscape, flora and fauna and constitute the basic tourism product of any destination. Cultural tourism gives visitors the opportunity to understand and appreciate the essential character of a place and its culture as a whole. Creating a relationship between the visitor and the host community is an important feature of cultural tourism as are the concepts of sustainability, authenticity, integrity and education.

There is a need to identify more specific niche markets which have an interest in specific products in the region. As the competition to attract cultural tourist increases, it is vital to give people a specific reason to visit a destination which relates to their interests. In many cases this involves identifying niche products that can be sold to specific target segments. For the arts, cultural tourism can provide an opportunity for greater earned income and a vast publicity in a tourist spot. Cultural tourism programs like plays, musicals, opera, ballet, orchestral concerts, singers, comedians, dancers and rock and pop concerts are the catalyst for new audiences and dollars, helping artists and art organizations to grow stronger in these days of declining federal grants and increased competition for dollars at foundation and corporate levels. For tourism, arts and culture are the expressions of a community's heart and soul. Together they form an image that sets the city/ village a part and creates anticipation and excitement for the traveler. Cultural festivals and events have found their way in both large cities and metropolises and in small towns and villages, which otherwise would not feature as cultural tourism destinations.

There is a growing concern for local cultural sustainability in the face of increasing global serial reproduction of culture that the international branches. Both of these are a means for revitalizing urban environments by improving their cultural identity; however, more and more places are using similar strategies. By creatively capitalizing on what is unique about a place and a community, the heritage, artistic and cultural life of an area can be used to attract visitors and create a better quality of life for those who live there. For example, Khajuraho is now famous for its enchanting temples and its legendary Khajuraho dance festival. The week- long festival of classical dances is held every year against the spectacular backdrop of the magnificently lit temples. Visit to Taj Mahal is always a memorable moment in one's life. But it is always special to visit a place at the time of special festive occasions. Yes, it is time of Agra Taj Mahotsav, represents the rich heritage of tradition, arts, crafts, culture, cuisine, dance and music of Uttar Pradesh. The Goa Carnival is one of the leading social festival in Goa. It is an exclusive festival owned by the Goans. The Goa Carnival is a time for entertainment and enjoyment for tourists from around the world. During the carnival, the streets in Goa are full of enthusiasm and joy. Everywhere visitors can see merry-making in different forms like street plays songs, dances, and unrehearsed farces mocking the establishment which are performed before an ardent and responsive audience. Floats depicting popular lullabies and nursery rhymes make a capricious and colorful sight on the streets. A whole lot of tourists irrespective of their nationality and social status participate in this mind-blowing festival. During this time, the hotels in and around the small state of Goa are filled with thousands of tourists.

We are Concentrates on the performing arts including plays, musicals, opera, ballet, orchestral concerts, singers, comedians, dancers and rock and pop concerts. But, in contrast to the number of studies on heritage sites, museums, art galleries and castles as constituent parts of cultural tourism. Niche arts tourism markets include the traditional and modern artistic canons found in dance, film, music, opera and theatre; indigenous cultural performances; and innovative cultural forms emerging in late developing countries.

Visitors come from around the world to Kolkata when they may only know one thing about this city – art and cultural capital in India, Assam means – Bihu, Gujarat – dandia… When cities are able to define themselves this succinctly, they understand that their culture is truly what they have to 'sell'. Herein lays the opportunistic marriage of culture and tourism. And like all partnerships, the relationship must include mutual respect, commitment and trust. Like a business partnership, it also requires entrepreneurial capabilities. For tourism, arts and culture are the expressions of a community's heart and soul. Together they form an image that sets the city a part and creates anticipation and excitement for the traveler.

With a high degree of cooperation and goodwill, cultural resources and tourism enterprises can attract high yield tourists and contribute to economic revitalization, create employment opportunities and help to preserve our cultural heritage for future generations.

Domestic and international tourism continues to be among the foremost vehicles for cultural exchange, providing a personal experience, not only of that which has survived from the past, but of the contemporary life and society of others. It is increasingly appreciated as a positive force for natural and cultural conservation. … It is an essential part of many national and regional economies and can be an important factor in development, when managed successfully.'

संगीत शिक्षा और नई टैक्नोलॉजी

डा० रीना गुप्ता
असिस्टैंट प्रोफेसर, संगीत विभाग,
इस्माईल नेशनल महिला (पी.जी.) कालिज, मेरठ

'गीतं वाद्यं च नृत्यं त्रयं संगीत मुच्यते', अर्थात गीत, वाद्य तथा नृत्य इन तीनों कलाओं का सामूहिक नाम संगीत है। प्राचीन काल से ही संगीत समाज तथा संस्कृति का अभिन्न अंग है। भारतीय मनीशियों ने इसे हृदयगत भावों को प्रकट करने का सफल साधन मानते हुये धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का सर्वोत्तम उपाय माना है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये इसकी विधिवत शिक्षा का होना आवश्यक है। संगीत शिक्षण, अभ्यास व अनुभव से युक्त वह प्रकिया है, जिसके माध्यम से शिक्षक शिष्य की कमियों को दूर करता है। शिक्षा का सामाजिक, नैतिक तथा बौद्धिक दृष्टि से व्यापक अर्थ है। जब हम संगीत–शिक्षा की बाते करते है तो उसका अर्थ शास्त्रीय संगीत शिक्षा से ही होता है।

संगीत शिक्षा या सीखने का अर्थ इसें कियात्मक व शास्त्रीय रूप के सभी पहलुओं के अध्ययन से है। स्वर, लय और ताल का ज्ञान, स्वरों की बारीकियां, रागों का विस्तृत ज्ञान, ये ऐसी मूल बाते है, जिनका ज्ञान होने पर ही सच्चे अर्थों में संगीत सीखना कहा जा सकता है। नई टैक्नालॉजी के संदर्भ में संगीत–शिक्षा समझने के लिये सबसे पहले इस शिक्षा का ऐतिहासिक स्वरूप और उसके वर्तमान स्वरूप की चर्चा करना आवश्यक है।

संगीत शिक्षा या शिक्षक के इतिहास पर दृष्टिगत करने से इसकी शिक्षण प्रणाली का ऐतिहासिक स्वरूप स्पष्ट होता है। वैदिक काल से मध्ययुग तक संगीत शिक्षा गुरूमुख से दी जाती थी जिसे 'गुरू शिष्य परम्परा' कहा जाता था। प्रशिक्षण देने के दो रूप मुख्यतः प्रचलित प्रचलित रहे। प्रथम, पिता द्वारा पुत्र को और दूसरा गुरू द्वारा शिष्य को प्रशिक्षण। व्यैक्तिक रूप से गुरू–मुख से सामने बैठकर शिष्य शिक्षा ग्रहण करता था, जिसे सीना–ब–सीना तालीम भी कहा जाता है। उस समय स्वरलिपि बद्ध करने की व ध्वनि अंकित करने की कोई तकनीक उपलब्ध नहीं थी, जिससे पाठ को संग्रहित किया जा सके। सब कुछ मौखिक परम्परा के द्वारा ही सीखना–सिखाना था, फिर चाहे मन्दिर संगीत हो या दरबारी संगीत।

मध्य युग में भी संगीत– शिक्षा की विधि व रीति व्यक्तिगत शिक्षण के अनुरूप ही रही। जिसमें समय व ज्ञान क्षेत्र को कोई बंधन नहीं रहता था। गुरू का उददेश्य शिष्य को निपुण एवं श्रेष्ठ कलाकार बनाने का प्रत्यन रहता था।

इसी दौरान संगीत–शिक्षा में घराने की नीवं पड़ी जिसके अंतर्गत कलाकार अपने संगीत, अपने ज्ञान को छुपा कर रखने लगे। किसी अन्य जाति के लोगों को वे नहीं सिखाते थे। इनका संगीत पीढ़ी दर पीढ़ी चला करता था। अगर कोई निःसंतान हो तो उसका संगीत उसी के साथ समाप्त हो जाता था। ख्याल गायन के क्षत्र में ग्वालियर, आगरा, जयपुर, किराना, रामपुर, तबले में पंजाब, अजराड़ा, फर्रूखाबाद, बनारस, कत्थक में लखनऊ, जयपुर, सितार में सेनिया, इमदादखानी आदि घराने या बाज कहलाने लगे। वास्तव में ये सभी घराने मुगलयुग के अन्तिम चरण में ही अस्तित्व में आये है।

''घराना'' शब्द से ध्वनित होता है घर। अर्थात घर से घराना शब्द निर्मित हुआ है जिस प्रकार हर एक घर–परिवार का अपना एक अलग रहन–सहन होता है, जिसका उसकी पहचान होता है, उसी तरह संगीत में हर घराने की एक विशिष्ट शैली रही। स्वर लगाव का तरीका, प्रस्तुतिकरण का दंश, लय का चुनाव, बोल–बाँट का ढंग सब भिन्न–भिन्न होने के कारण वे अस्तित्व में आये और संगीत की शिक्षा घरानों के नियमों व रीतियों के अनुरूप दी जाने लगी।

मुगल साम्राज्य में कलाओं को राज्याश्रय प्राप्त होने से वे विकसित होती रही, किन्तु अंग्रेजी भासन काल में ऐसा न होने से संगीत कला समाज में निकृष्ट श्रेणी के माने जाने वाले व्यवसायी स्त्री पुरूषों में पहुंच गई। इस कारण भले घरों में संगीत का प्रवेश निशिद्ध माना जाने लगा। तत्कालीन सामाजिक व राजनैतिक मांग के अनुसार बीसवीं सदी में संगीत शिक्षा पद्धति में युगान्तकारी परिवर्तन आया। संगीत को समाज में पुनः प्रतिष्ठित करने के लिये पण्डित विश्णु नारायण भातखंडे व पं० विष्णु दिगम्बर पलुस्कर ने अथक प्रयत्न किये। संगीत कला को आम आदमी तक पहुँचाने के उददेश्य की पूर्ति हेतु पं० भातखंडे ने देश भर के गायकों, वादकों से बंन्दिशे एकत्रित करके उनकी स्वरलिपि तैयार की और शास्त्र रचना कर उन्हें प्रकाशित किया। जो आज हमें ''भातखंडे कमिक पुस्तक मालिका (छः भागों में) व भातखंडे संगीत शास्त्र (चार भागों में) के रूप में उपलब्ध है। सार्वजनिक संगीत शिक्षा के प्रचार हेतु इन विद्वानों ने जगह–जगह संगीत विद्यालय, महाविद्यालय खोले

जैसे इलाहाबाद की प्रयाग संगीत समिति, चंडीगढ़ की प्राचीन कला केन्द्र, मिरज की अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मण्डल आदि, जिनका उद्देश्य संगीत शिक्षा देना, साथ ही डिप्लोमा व डिग्री प्रदान करना रहा। इसी समय से पाठयक्रम–प्रकिया व उपाधि देने की प्रक्रिया संगीत जगत में शुरू हुई। आज संगीत शिक्षा का स्वरूप विद्यालय, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में ऐच्छिक विषय के रूप में है, जहां सामूहिक रूप से शिक्षा दी जा रही है। इस प्रकार जहां एक ओर संगीत शिक्षा में विद्यालयीन शिक्षा का प्रादुर्भाव हुआ, वहीं दूसरी ओर गुरू शिष्य परम्परा से आज भी संगीत शिक्षण जारी है।

बीसवीं सदी के आरम्भ में विज्ञान व टेक्नोलॉजी के विकास क्रम में संगीत स्वरलिपि, ध्वनि मुद्रण व ध्वनि संग्रह के क्रान्तिकारी शोध ने भविष्य की विस्मयकारी संभावनाओं की नींव डाली और संगीत शिक्षा व संगीत प्रदर्शन के लिये नये मार्ग खोल दिये। वैज्ञानिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से संगीत अब संग्रहीत होने लगा, एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने लगा। संगीत, अब स्वरलिपि पुस्तकों के माध्यम से, ध्वनि मुद्रिकाओं के माध्यम से, अध्ययन के लिये दूर बैठे विद्यार्थियों को भी उपलब्ध होने लगा। संगीत शिक्षा में यह एक क्रांतिकारी घटना थी।

आज के वैज्ञानिक युग में इलेक्ट्रानिक्स टेक्नोलॉजी की नवीन से नवीन एवं अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक ध्वन्यंकन उपकरणों ने संगीत की अपार सहायता की है। वैज्ञानिक टेक्नोलॉजी के विकास ने ग्रोमोफोन, रेडियो, टेलीविजन, कैसेट प्लेयर, वीडियों एवं आडियों, सीडी आदि उपकरण उपलब्ध करवा दिये जिनके द्वारा अच्छे–अच्छे संगीतज्ञों के गायन–वादन कार्यक्रम को निरन्तर सुनकर उनकी विशिष्टता आत्मसात करने में सुविधा हुई। इसके साथ ही अपनी प्रस्तुतिकरण को भी देख व सुनकर उनकी विशिष्टता आत्मसात् करने में सुविधा हुई। इसके साथ ही अपनी प्रस्तुतिकरण को भी देख व सुनकर स्वयं के दाषों को दूर करने का प्रयत्न किया जा सकता है। संगीत प्रदर्शन में माइक्रोफोन एम्पलीफायर के मदद से संगीत की बारीकियां स्पष्ट रूप से दूर बैठे अगणित श्रोताओं तक पहुंचने लगे। यदि यह सुविधायें मध्यकाल में होती तो तानसेन, बैजूबावरा, स्वामी हरिदास आदि महान संत संगीतकारों का गायन भी आज इन्हीं ध्वनि संग्रह इलेक्ट्रानिक उपकरणों द्वारा पुनः सुनना संभव हो जाता।

शिक्षार्थियों के अभ्यास के लिये अब तो इलेक्ट्रानिक तकनीक के माध्यम से तानपुरा, तबला, हारमोनियम, जैसे वाद्यों की सजीव आवाज भी उपलब्ध हो गई है। जिससे जब चाहें और जहां चाहें वे अपना रियाज कर सकते है। उन्हें अभ्यास के लिये अब संगतकार पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। संगीतज्ञ इंजीनियरों द्वारा निर्मित इस छोटे एवं सुरीले वाद्य यंत्र के माध्यम से विभिन्न तालों में मनचाहा ठेका प्राप्त किया जा सकता है। इतना ही नहीं वैज्ञानिक टैक्नोलॉजी के माध्यम से अनेक वाद्यों का निर्माण हो रहा है जिससे उनकी टोनल क्वालिटी व रेंज समृद्ध हुई है। सिन्थेसाइजर ने तो सैकड़ों वाद्य यंत्रों को एक ही की–बोर्ड पर संभव बनाकर चमत्कार कर दिया।

आज विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संगीत महाविद्यालयों में इलैक्ट्रानिक आडियो/विजुअल पद्धति की सहायता से संगीत की उच्चतम शिक्षा का कार्य भी किया जा रहा है। सूचना तकनीक और कम्प्यूटर के उपयोग से अब शिक्षण पद्धति में भी परिवर्तन आया है। संगीत शिक्षा को सामान्यजन के लिये मुहैया कराने के लिये इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि विश्वविद्यालयों एवं शिक्षा मण्डलों द्वारा कम्प्यूटर तथा सूचना तकनीक का उपयोग कर संगीत शिक्षण की भी दूरवर्ती प्रणाली शुरू करें। पर क्या दूरवर्ती शिक्षा प्रणाली संभव एवं उपयोगी होगी? इसके परीक्षण के लिये ''दूरस्थ संगीत शिक्षा'' की संभावनायें विशय पर 27 से 29 नवम्बर 2000 को उस्ताद अलाउदीन खां संगीत अकादमी भोपाल ने अंतराष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया था जिसमें सभी विद्धानों ने अनेक आशंकाओं के बावजूद इसकी सकारात्मकता को स्वीकार किया। सभी इस बात से एकमत रहे के संगीत शिक्षा कुछ समय तक तो गुरू के सानिध्य में रहकर सीना–ब–सीना तालीम के जरिये आवश्यक है पर उसके बाद गुरू के साथ ही रहा जाये, इसकी आवश्यकता नहीं है। अब आडियो, वीडियों, रिकार्डिंग्स, मल्टीमिडिया, इंटरनेट आदि दूरसंचार माध्यमों के द्वारा संगीत शिक्षा ग्रहण करना संभव होता जा रहा है।

नई टैक्नालाजी से संगीत शिक्षा ग्रहण करने में सुगमता आई है, फिर भी किसी टैक्नोलॉजी के अपनाने से गुरू की या मार्गदर्शक की आवश्यकता नहीं रहेगी, यह संभव नहीं है। गायन हो या वादन, गला कैसे तैयार करना है, साज कैसे हासिल करना है, उसकी तकनीक, हाथों का संचालन, स्वर लगाव, स्वरों की बारीकियां, कैसे रियाज करना चाहिए, क्या रियाज किस ढंग से करना है, इन सब बातों को न तो लिपिबद्ध किया जा सकता है और न ही इन इलैक्ट्रानिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से बारीकियों को सीखा जा सकता है। इसके लिये तो गुरू, उस्ताद या मार्गदर्शक के सामने बैठ कर व्यक्तिगत रूप से सीखा जाना ही संभव है। तभी हम संगीत शिक्षा में बाह्य तथा आंन्तरिक दोनों प्रकार के ज्ञान को जान सकेंगे व उचित रूप से सही ढंग से सीख कर लोगों के सम्मुख प्रस्तुत कर सकेंगे।



कला में सौन्दर्य

शबाहत
अंशकालिक प्रवक्ता,
चित्रकला विभाग,
आर0जी0पी0जी0 कॉलिज,मेरठ।

मानव ने अपने अनुभवों तथा भावनाओं को व्यक्त करने के लिए इशारे, ध्वनि और शब्दों का निर्माण किया। हजारों–हजारों वर्षों में बोली अथवा भाषा का वह स्वरूप बन पाया होगा जो बोला, सुना अथवा पढ़ा जाने योग्य हुआ ऐसे ही आदि काल में प्रकृति के जो रूप मनुष्य ने देखे उनका गहरा प्रभाव उनके मन पर होता गया और प्रकृति के उन रूपों के प्रभाव के परिणामस्वरूप उनके मन में भय, उल्लास, अनुराग, घृणा आदि भाव जागे यद्यपि बोलियों व भाषाओं का विकास सभी क्षेत्रों में एक जैसा नही हुआ और एक क्षेत्र के अधिकांश निवासी दूसरे क्षेत्र के लोगों की भाषा नही समझते किन्तु प्रकृति एवं उसके सौन्दर्य का प्रभाव सभी पर कम या अधिक हुआ हैं। संसार की अनेक वस्तुओं को देखकर इंसान को मजा आता है और वह उसमें रूचि लेता है यह खाने पीने सुनने देखने किसी भी से संबंधित हो सकती हैं। सुन्दर चीजें व्यक्ति को अच्छी लगती हैं। किन्तु कलाकार उसमें पूर्णतः डूब जाता है। उसके मन पर सौन्दर्य का गहरा प्रभाव पडता है तथा चित्रकार उस रूप या दृश्य को चित्रित करने लगता है। कवि उस रूप को शब्दों में बाँधने लगता हैं। ऐसा करने से उसे एक सूरत की प्राप्ति होती हैं खाने पीने तथा शारीरिक मूरत के अतिरिक्त व्यक्ति में एक सूरत ''सौन्दर्य बोध'' की भी होती हैं जो जन्मजात है। किसी भी मधुर ध्वनि को सुनकर उत्साहित होना, किसी नारी अथवा वस्तु के सौन्दर्य में खो जाना, सौन्दर्य की संवेदनशीलता है। सौन्दर्य एक भावना है जिसे हम दैनिक जीवन में अपनी इन्द्रियों के द्वारा देखकर, सुनकर अनुभव करते है। सुन्दर वस्तुओं को इकट्ठा करना या उन्हें दूसरों को दिखाकर खुशी प्राप्त करना यह भी आनन्द का अंग है। व्यक्ति सौन्दर्यबोध की इस जन्मजात प्रवृत्ति से अनभिज्ञ होता हैं। जबकि वह अपने दैनिक जीवन में भी इसका उपयोग करता है। वस्त्र खरीदने, घर को सजाने तथा साज सज्जा की अनेक वस्तुओं के चयन में भी हम इस क्रिया का प्रयोग करते है और उन बहुत सी वस्तुओं में से सुन्दर को ही चुनते है। यदि संसार में ये असुन्दर वस्तुऐं न होती तो सुन्दरता का ज्ञान न होता। और न ही हम उनको पाने की इच्छा ही करते। किसी वस्तु को पाने की इच्छा ही सौन्दर्य बोध है। और यही सौन्दर्य शास्त्र की प्रथम कडी हैं। किसी भी सुन्दर वस्तु अथवा व्यक्ति को देखकर अचानक मुख से निकल जाता है कि ओह! कितना सुन्दर है। अथवा ईश्वर ने क्या साँचे में ढ़ाला है। सौन्दर्य के प्रति आकर्षण अथवा उस वस्तु को बनाने वाले कलाकार अथवा ईश्वर के प्रति हम अपने भावों को अभिव्यक्त करते है। वस्तु के सौन्दर्य की उपेक्षा शारीरिक सौन्दर्य को देखकर व्यक्ति अधिक आकर्षित होता है। मानव तो क्या उसे देखकर ऋषि मुनि भी अपनी सुध–बुध खो बैठते हैं। सृष्टिकर्ता ब्रह्मा भी पुत्री सरस्वती के रूप सौन्दर्य के मोह का सम्भरण न कर सकें। सौन्दर्य की आर्कषण शक्ति चुम्कब के सदृश व्यक्ति को अपनी ओर खींचती हैं। और व्यक्ति परवश सा उसकी ओर खींचता चला जाता हैं। यहीं मोह उस सीमा को लॉघकर वासना का रूप ग्रहण कर लेता हैं। प्रकृति अपने छदम रूप द्वारा संतति विकास के उद्देश्य की पूर्ति करती हैं। और व्यक्ति का सौन्दर्य धीरे धीरे समाप्त होने लगता है। इस प्रकार यह शारीरिक सौन्दर्य सच्चा सौन्दर्य नही हैं। सौन्दर्य की अनुभूति व्यक्ति मुख्यतः दो रूपों में करता हैं। नेत्रों द्वारा सौन्दर्य के दर्शन से व्यक्ति मद मस्त हो जाता है। अनेक देवी देवताओं का नारी सौन्दर्य की ओर आकर्षित होना तथा अनेक सुन्दिरयों का अपहरण इसी अनुभूति के उदाहरण है। कलाकार इस सौन्दर्य की अनुभूति से प्रेरित होकर सुन्दर चित्र, मूर्ति, गीत, संगीत की रचना करता है।

इस सौन्दर्य की अनुभूति का एक दूसरा पक्ष आन्तरिक अन्तर्दृष्टि है ये इस क्षण भंगुर सौन्दर्य की ओर आकृष्ट नही होते। वे सौन्दर्य को नैतिकता, उच्च विचार त्याग और बलिदान जैसे मूल्यों में देखते है। इसमें सत्य शिवं सुन्दरं की भावना विद्यमान रहती हैं। यहॉ सौन्दर्य आत्मा में रहता है। जिसमें सौन्दर्य का बाहरी रंग रूप में न देखकर उसके आंतरिक गुण या भावना में देखते हैं। आन्तरिक सौन्दर्य में उस वस्तु या व्यक्ति का आकार या रूप सुन्दर न होने पर भी उसके गुण, त्याग, बलिदान की भावना या नैतिकता के गुणों के अभाव में आदर्शवादी उसको सुन्दर नही मानते।

प्रकृति सौन्दर्य और कला के सौन्दर्य में कुछ विभिन्नतायें भी होती हैं। प्रकृति का सौन्दर्य विज्ञान की सीमाओं और नियमों का व्यवहार है तथा प्रकृति के गणितीय व्यवहार का उत्पादन है। जो स्वयं क्रियाशीलता का उत्पादन भी है। किन्तु कला का सौन्दर्य प्रकृति के प्रति मानव प्रेम की उपज हैं यह उसकी सहज बुद्धि पर आधारित है यह कई रूपों में हमें दिखाई देता है।

सौन्दर्य तथा ऐस्थेटिक्स को अन्य विषयों की भॉति स्वतन्त्र विषय बनाने का श्रेय अठारहवी शती के जर्मन दार्शनिक वामगार्टन को है। उन्होने सौन्दर्य पर ऐस्थेटिक्स नाम से लैटिन भाषा में एक विशाल ग्रंथ लिखा। तभी से सौन्दर्य ऐस्थेटिक्स के नाम से एक विषय बन गया। ऐस्थेटिक्स मूल ग्रीक शब्द ऐस्थेटिकोस या

ऐस्थेसिस से निकला है। जिसका अर्थ है ऐन्द्रिय अनुभूति अर्थात् सैन्स पर्सेप्शन।

दर्शन शास्त्र में ऐस्थेटिक्स में कला तथा प्रकृति में सौन्दर्य शास्त्र की विवेचना होती है। वामगार्टन के प्रयास के फलस्वरूप इसके अध्ययन का क्षेत्र सौन्दर्य और कला का सृजन है। सौन्दर्य क्या है क्यो है तथा यह किसलिए होता है। मानव जीवन में इसका क्या महत्व है। इस प्रकार के अनेक प्रश्नों के उत्तर हमें ऐस्थेटिक्स से प्राप्त होते है। इसी आधार पर अब कला सौन्दर्य सम्बन्धी अनेक पक्षों के अध्ययन से इसका अधिक विस्तार हो गया है।

वामगार्टन ने फिलासॅफी को लॉजिक (तर्कशास्त्र) एथिटस को (नीतिशास्त्र) तथा ऐस्थेटिक्स (सौन्दर्यशास्त्र) को तीन अलग–अलग भागों में विभक्त कर दिया। नीतिशास्त्र में मनुष्य को बुराईयों से अच्छाइयों की ओर ले जाने का अध्ययन है। लॉजिक तर्क की ओर ले जाता है तथा सौन्दर्य शास्त्र आनन्द की ओर ले जाता है। इसी प्रयास के कारण वामगार्टन को ऐस्थेटिक्स का जनक कहा जाता है। सौन्दर्य शास्त्र को चित्र, मूर्ति संगीत आदि ललित कलाओं में उच्च स्तरीय अध्ययन का अंग माना जाता हैं सौन्दर्य शास्त्र के अन्तर्गत सौन्दर्य, कला और अभिरूचि इन तीनों का विशेष अध्ययन किया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य अनेकों दार्शनिक पक्षों का अध्ययन भी इसके अर्न्तगत किया जाता है। कला के आधार पर कलाओं के परस्पर सम्बन्ध विभिन्न कला शैलियों के अध्ययन, कला के इतिहास सम्बन्धी सिद्धान्त का अध्ययन किया जाता है।

अनुकृति मूलक कला में कलाकार प्रकृति के प्रभाव से उसके रूप को ज्यों काव्यों चित्रित करता हैं। जिसे हम प्रकृति की प्रतिकृति कहते है। जब कलाकार केवल प्रकृति की अनुकृति न करके उसमें संयोजन, प्रभाव तथा भाव आदि को लेकर रूप देता हैं। जिसका कोई अर्थ, आदर्श होता हैं। यह आदर्श आकृति मूलक कला होती हैं। समाज के सुन्दर, असुन्दर, शिव अशिव रूप को जब कलाकार विभिन्न माध्यमों के प्रयोग से करता है। उसे सामग्री मूलक कला कहेगें। इसमें उस माध्यम का प्रयोग ही उसके सौन्दर्य के स्तर का निर्धारण करता है इस सौन्दर्य का सीधा सम्बन्ध इन्द्रिय बोध से होता है। कलाओं कलाओं के इन्द्रिय बोधगत सौन्दर्य के विषय में बात महत्वपूर्ण है कि चित्र, मूर्ति, वास्तु तथा संगीत के इन्द्रिय बोध से काव्य का इन्द्रिय बोध से काव्य का इन्द्रिय बोध से काव्य का इन्द्रिय बोध से काव्य का इन्द्रिय बोध भिन्न होता हैं। क्योकि वह ध्वनियों, रंग, आकार पर आश्रित न होकर काव्य की भाषा के अर्थ बोध पर ही आधारित होता है। किसी भी कृति का आन्तरिक और बाहय दोनो ही समन्वय उसकी श्रेष्ठता को प्रतिपादित करता है। जो कलाकार भाव, शिल्प और आनन्द पक्ष के समन्वय को लेकर रचना करते हैं। वही कृति उत्तम होती हैं और मानव उसका रसपान करके आलाप्ति होता है। सच्ची कला के सुन्दर उदाहरण अजन्ता की गुफाओं के चित्रों तथा यूनानी मूर्तियों में दिखाई देते हैं। जो वर्षों के पश्चात् भी आज आर्कषण की कसौटी पर खरे उतरते है। और अमरत्व को प्राप्त हुए है। किसी भी कलाकृति का जन्म अनुभव के आधार पर होता हैं। दैविक शक्ति के धारण करने पर उन अनुभवों को कलाकार एक चमत्कारिक कृति को जन्म देता है। जैसे वर्षों की एक साधारण बूंद से कीमती मोती की उत्पत्ति होती है। उसी प्रकार दृश्य जगत से प्राप्त अनुभवों में से कुछ विशिष्ट अनुभवों के चयन को कलाकार का प्रेम व्यापार कहा जा सकता है। कलाकार अपनी चाक्षुष क्रिया से दृश्य जगत में जो देखता है उसके प्रति प्रत्येक चित्रकार, मूर्तिकार, गीतकार एक ही क्रिया करते हैं। रंगों, आकारों, स्वरों को अनुपात में लवलीन वह अपनी प्रिय वस्तु के सान्दर्य में मूल दृश्य जगत से अलग हो जाता है। और उस वस्तु के प्रेम से सम्मोहित हुआ कार्य करता है। और कलाकार की इस क्रिया का परिणाम ही उसकी कृति होती है। कलाकार की अनुभूति का महत्व समझकर इस दृश्य जगत की अवहेलना नही की जा सकती क्योकि हृदय भी स्वयं में पूर्ण नही कहा जा सकता। दृश्य जगत के उपादानों में कोई न कोई गुज अवश्य ऐसा विद्यमान है जो न केवल रूप है न रंग है और अपनी और आकर्षित करता है। कलाकार अपनी कृति में इस सौन्दर्य को प्रस्तुत करके सुख और आनन्द अनुभव करता है। इसके साथ ही वह यह भी चाहता है कि दूसरे लोग भी इस सौन्दर्य का रसास्वादन करें और उस रूप के लिए भी कहा गया है। गायक मधुर वाणी में गीत सुनाकर दूसरों को आनन्दित करना चाहता हैं। चित्रकार अपने चित्रों की प्रदर्शनियॉ इसलिए करता है क्योकि वह यह चाहता है कि लोग उसके कौशल को देखकर उसकी सराहना करें तथा स्वयं भी आनन्दित हो। दूसरों के आनन्द प्राप्त करने और प्रशंसा करने से कलाकार का उत्साह बढता हैं। किसी गायक के गीत सुनकर तथा अभिनेता के अभिनय को देखकर बजने वाली प्रशंसात्मक तालियॉ उस कलाकार के अन्दर एक उत्साह भर देती है। तब वह और भी लगन तथा विश्वास से उस कार्य को और अधिक अच्छा करता है। इसी प्रकार चित्रकार के चित्रों की प्रशंसा करके चित्रण में और निखार उत्पन्न कर देती है। कलाकार कलाकृति और रसिक इन तीनों का एक विशिष्ट नाता है। भले ही उनका सम्बन्ध सीधा नही है तथा रसिक का उस कृति के सृजन में कोई योगदान नही होता। इसको मनोवैज्ञानिक आधार कह सकते है। कला में सौन्दर्य सर्वत्र व्याप्त है।



टैगोर कला में भारतीय सामाजिक सन्दर्भ

शालिनी रानी
चित्रकला विभाग,वनस्थली विद्यापीठ
(राजस्थान)

कला का अस्तित्व सामाजिक है। जिस प्रकार सामाजिक विकास की परिस्थिति होती है वैसी ही समाज की विचारधारा बनती है व उसी के अनुरूप लोगों के मस्तिष्क में बिम्ब विकसित होते हैं। ये बिम्ब ही कला – रूपों की प्रेरणा बनते हैं। समाजिक विकास उसकी चुनौतियों तथा सामाजिक आंदोलनों के प्रत्येक चरण के साथ कला के विकास का प्रत्येक चरण सम्बन्धित रहता है। कलाकार जिस युग में आर्विभूत होता है उस युग का चित्र अर्थात उसकी समस्यायें, चुनौतियाँ, उपलब्धियाँ स्वतः ही उसकी कृतियों में झाँकने लगती है। इच्छा होने पर भी वह अपने समय के प्रभाव से मुक्त नहीं रह सकता क्योंकि कलाकार का निर्माण उसके समकालीन युग की परिस्थितियों से ही होता हैं और प्रत्येक युग में कलाकार इन परिस्थितियों से उत्पन्न मुद्दों व चुनौतियों का समाधान ही अपनी रचनाओं में प्रस्तुत करता है। अब चाहे कलाकार किसी भी विधा के माध्यम से अपने समाज की व्यथा को अपनी अनुभूति का चौला पहना प्रस्तुत करें।

अतः इस प्रकार एक व्यक्ति या कलाकार सामाजिक विषय–वस्तु से प्रेरित होता है, व उसे मूलभूत मानवीय मूल्य और अनुभव प्रदान कर सार्वभौम बनाता हैं। ऐसे ही भारतीय कला के गंधर्व रवींद्रनाथ टैगोर थे जिन्होंने न केवल तत्कालीक भारतीय समाज को उसकी समस्याओं, चुनौतियों से आगाह ही नहीं किया बल्कि भविष्य के समाज को अनुप्रेरित करने का मार्ग भी प्रस्त किया। उनकी कृतियाँ भारतीय समाज के लिए केवल सुन्दर ही नहीं बल्कि अनुकरणीय बनी हैं। टैगोर ने भारतीय समाज के लगभग प्रत्येक मुद्दे या पक्ष व चुनौतियों पर चिंतन– मनन किया व अपने अनुभव को साकार रूप दे समाज को उज्जवल भविष्य व वर्तमान प्रदान करने का प्रयास किया। उन्होंने तत्कालीन समाज की नारी समस्या, उनकी चुनौतियों, शिक्षा का वास्तविक विकास व समाज में भारतीय परम्पराओं ,संस्कृतिक, मूल्यों अर्थात समग्र भारतीय समाज की उन्नति हेतु जीवन भर अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये व साथ ही समाज को जाग्रत किया। यह सब हम उनके सम्पूर्ण साहित्यिक रचनाओं, उनके व्याख्यानों, यहाँ तक की उनके जीवन की अन्तिम सन्धया कालीन 'कला साधना' में भी पूर्णता प्राप्त कर सकते हैं। विश्वभारती शान्तिनिकेतन, श्री निकेतन आज भी उनके शत कार्यों का साकार प्रमाण व भारतीय सामाजिक चुनौतियों के लिए उठाये गये सफल कदमों का परिणाम है।

यह गुण टैगोर ने अपने परिवार से ही पाया पितामह, महर्षि पिता देवेन्द्रनाथ, भाई, बंधु आदि सभी से। टैगोर अपने आस–पास के सामाजिक, सांस्कृतिक वातावरण से सदैव प्रभावित रहे। इन्होंने पारिवारिक प्रभाव व पैतृक देन के फलस्वरूप एक ऐसा वातावरण प्राप्त किया जो सक्रिय रूप से पाश्चात्य न होकर भी ब्रह्म समाज के प्रभाव के कारण परम्पराओं एवं अनादि काल से चले आ रहे रीति–रिवाजों से मुक्त था। अतः 1881 ई. में ही तरूण टैगोर अपने **"वन साइडेड रिफार्म"** (एकांगी सुधार) शीर्षक लेख में निम्न बातें लिख सके :

"यदि कोई सामाजिक नियम हमारी स्वतंत्रता प्राप्ति में सहायक नहीं है तो उसे इस कारण ही माना नहीं जा सकता कि वह एक नियम है।....सदा ही कुछ लोग ऐसे होते हैं जो (ऐसा न मानने पर) दुःखी होंगे।.... उन लोगों के लिए अतीत ही स्वर्णकाल है, वर्तमान कभी नहीं।"

उपरोक्त लेख में टैगोर की वाणी तत्कालिक समाजिक नियमों पर एक आलोचनात्मक व्यंग्य कर रही हैं क्योंकि उस समय समाज में अनेक रूढिवादी प्रथा, परम्पराए समाज में जहर घोल रही थी। जो व्यक्ति के लिए उनकी वर्तमान स्वतंत्रता से बढ़कर थी। ये नियम सही मायने में समाज की स्वतंत्रता के आडे आ रही थे। जैसे पर्दा प्रथा, सती प्रथा, हिन्दू धर्म के रूढिवादी नियम इत्यादि। लेकिन रवीन्द्र के घर के वातावरण व बंगाल के सामाजिक वातावरण में अंतर था जो रवीन्द्र की समझ को विकसित व परिपक्व बना सका। टैगोर परिवार ही एक ऐसा प्रथम परिवार था जहाँ स्त्रियाँ पर्दा नहीं करती थीं। सती प्रथा व हिन्दू धर्म के कठोर रीति–रिवाजों आदि के विरूद्ध पहले पितामह का योगदान फिर आगे इसी क्रम में महर्षि पिता के महत्वपूर्ण प्रयासों से जो कार्य किए गए उन से समाज की तो उन्नति हुई ही, साथ ही रवीन्द्र के व्यक्तित्व को बनने में एक उपयुक्त वातावरण प्राप्त हुआ।

टैगोर के मस्तिष्क में बंगाल के तत्कालिक समाज में व्याप्त उन विरोधी धाराओं की जो ध्वनि प्रतिबिंबित हुई वह हमें उनकी रचनाओं में सुनाई पड़ती। एक अन्य उदाहरण जहाँ टैगोर की वाणी और भी अधिक स्पष्ट वादिता लिए हैं– हिन्दू मैरेज (हिन्दू विवाह, 1887 ई.) में शीर्षक लेख में –"चंद्रनाथ बाबू का कथन है कि हिन्दू विवाह में जोड़ने वाली एक ऐसी शक्ति है जो अन्य देश में दुर्लभ है। तब हमारे समाज में बहुविवाह की प्रथा कैसे चली? विवाह संबंधी हमारे सभी दंभपूर्ण आदर्श केवल पत्नी के लिए ही होते हैं। अतः हमें ऐसी हिन्दू

